# उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-सूची

-------

बुधवार, 14 श्रावण, शक संवत् 1948

(दिनांक 05 अगस्त 2026 ई0)

----------

## समय: **11.00** बजे पूर्वाह्न

-----------

**1.** प्रश्न देखिये नत्थी (क)।

**2.** मुख्य मंत्री, कार्मिक अनुभाग-1 की अधिसूचना संख्या 5/2026/300/47-क-1-2026-13(5)/2021, दिनांक 18 मई 2026 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) (बाईसवां संशोधन) विनियम, 2026 भारत का संविधान के अनुच्छेद 320 के खण्ड (5) के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

**3.** मुख्य मंत्री, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 द्वारा भू-सम्पदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 की धारा-78 की उपधारा (2) के अधीन उ०प्र० भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण की वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 एवं 2022-23 को विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

**4.** मुख्य मंत्री, राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-180/ग्यारह-2-26-9(47)/17' टी०सी०-303-उ०प्र०अधि०-1-2017-आदेश (372)-2026 दिनांक 23 मई, 2026 को शुद्धि-पत्र संख्या -210/ग्यारह-2-26-9(47)/-17-टी०सी०-304-उ०प्र०अधि०-1-2017-आदेश (373)-2026 दिनांक 15 जून, 2026 सहित उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन 2017) की धारा 166 के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

**5.** मुख्य मंत्री, राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-283/ग्यारह-2-26-9(47)/17-टी०सी०-305-उ0प्र०अधि०-1-2017-आदेश (374)-2026 दिनांक 24 जुलाई, 2026 को उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन 2017) की धारा 166 के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

**6.** ग्राम्य विकास मंत्री, ग्राम्य विकास अनुभाग-6 की अधिसूचना संख्या डीएफए/1517518/38-6003(001)/1/-2026 दिनांक 29 जून, 2026 द्वारा निर्गत विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) योजना, उत्तर प्रदेश को अधिनियम, 2025 की धारा-35 की उपधारा (2) के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

**7.** संसदीय कार्य मंत्री, संसदीय कार्य अनुभाग-2 द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा के माननीय अध्यक्ष द्वारा जारी किये गए प्रक्रिया सम्बन्धी निदेश (सोलहवाँ संस्करण) के निदेश संख्या 14(3) के अनुसार अठारहवीं विधान सभा के प्रथम सत्र 2026 (दिनांक 09 फरवरी, 2026 से 20 फरवरी, 2026 तक) में नियम-301 के अन्तर्गत ग्राह्य सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण उत्तर प्रदेश विधान सभा के पटल पर रखेंगे।

**8.** कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार मंत्री, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार अनुभाग-1 की अधिसूचना संख्या 06/2026/588/80-1-2026/80-1003(002)/2-2023 दिनांक 7 मई, 2026 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी (उनतीसवां संशोधन) नियमावली, 2026 को उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम, 1964 की धारा 40 की उपधारा (3) के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

**9.** कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार मंत्री, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार अनुभाग-1 की अधिसूचना संख्या 07/2026/336/80-1-2026/80-1099/151-2021 दिनांक 5 जून, 2026 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी (तीसवां संशोधन) नियमावली, 2026 को उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम, 1964 की धारा 40 की उपधारा (3) के अधीन सदन के पटल पर पर रखेंगे।

**10.** सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री, सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग-4 द्वारा राज्य बाँध सुरक्षा संगठन का वार्षिक प्रतिवेदन 2025-26 को बाँध सुरक्षा अधिनियम-2021 की धारा-45 की उपधारा (1) के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

**11.** ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा अनुभाग-1 द्वारा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ की 22 वी वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 395 (1) (b) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

**12.** ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा अनुभाग-1 द्वारा उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड का इक्कीसवाँ वार्षिक लेखा प्रतिवेदन 2024-2025 को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 395 (1) (b) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

**13.** ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा अनुभाग-3 द्वारा यू०पी० रिन्यूएबल एण्ड ई०वी० इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का वार्षिक प्रतिवेदन 2024-2025 कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 395 (1) (b) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

**14.** ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा (निजी निवेश) प्रकोष्ठ की अधिसूचना संख्या यूपीईआरसी/डी (टीऐंडएस) जेडी (टी)/191-015 दिनांक 13 जनवरी, 2026 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (पारेषण का बहुवर्षीय प्रशुल्क) (प्रथम संशोधन)

विनियमावलियां 2025 को विद्‌युत अधिनियम 2003 की धारा 182 के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

**15.** ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा (निजी निवेश) प्रकोष्ठ की अधिसूचना संख्या यूपीईआरसी/सचिव/कार्मिक 2026-016 दिनांक 21 मई, 2026 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश विद्‌युत नियामक आयोग (कार्मिकों की भर्ती, नियंत्रण तथा सेवा शर्त) (तृतीय संशोधन) विनियमावली, 2026 को विद्‌युत अधिनियम 2003 की धारा 182 के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

**16.** ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा (निजी निवेश) प्रकोष्ठ द्वारा यू०पी० एस०एल०डी०सी० लिमिटेड का तृतीय वार्षिक प्रतिवेदन 2024-25 को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 395 (1) (b) के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

**17.** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सहकारिता अनुभाग-1 द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम का स्थिति पत्रक एवं लाभ-हानि खाता 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 को दि वेयर हाउसिंग कारपोरेशन एक्ट 1962 की धारा-31 की उपधारा (11) के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

**18.** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) परिवहन अनुभाग-4 की अधिसूचना संख्या 4/2026/82/तीस-4-2026-30-4099(099)/36-2025/1895274 दिनांक 09 अप्रैल, 2026 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश मोटरयान (बत्तीसवां संशोधन) नियमावली 2026 को मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 212 की उपधारा (3) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

**19.** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) परिवहन अनुभाग-4 की अधिसूचना संख्या 5/2026/470/तीस-4-2026-30-4099 (099)/72-2021/1404987 दिनांक 22 मई, 2026 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश मोटर यान (तैतीसवां संशोधन) (समूहक और वितरण सेवा प्रदाता) नियमावली 2026 को मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 212 की उपधारा (3) के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

**20.** मा0 अध्यक्ष, विधान सभा ''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 175 के खण्ड (2) सपठित अनुच्छेद 200 के प्रथम परन्तुक के अन्तर्गत पुनर्विचार हेतु लौटाये गये उत्तर प्रदेश मदरसा (अध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान) विधेयक, 2016 जो दिनांक 29 अगस्त, 2016 को उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा तथा दिनांक 30 अगस्त, 2016 को उत्तर प्रदेश विधान परिषद् द्वारा पारित किया गया था तथा दिनांक 31 अगस्त, 2016 को श्री राज्यपाल की अनुमति के लिये भेजा गया था, के सम्बन्ध में राज्यपाल महोदय से प्राप्त सन्देश को उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 2023 के नियम 169(1) के अन्तर्गत पढ़कर सुनायेंगे।

{सन्देश के लिये देखिये नत्थी (ख)}

**21.** प्रमुख सचिव, विधान सभा, उत्तर प्रदेश मदरसा (अध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान) विधेयक, 2016, जो राज्य विधान मण्डल द्वारा पारित किये जाने के उपरान्त ''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 200 के अन्तर्गत श्री राज्यपाल की अनुमति के लिये भेजा गया था, और जो संविधान के अनुच्छेद 175 के खण्ड (2) सपठित अनुच्छेद 200 के प्रथम परन्तुक के अन्तर्गत राज्यपाल महोदय के सन्देश सहित पुनर्विचार हेतु प्राप्त हुआ है, को उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 2023 के नियम 169(2) के अन्तर्गत सदन के पटल पर रखेंगे।

**22.** सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनाएं, यदि कोई हों।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी)

**23.** सभापति, उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति, वर्ष (2025-2026) का राजस्व विभाग से सम्बन्धित समिति का छप्पनवां प्रतिवेदन, जो "ग्राम-उचेठा, तहसील-औराई, जनपद-भदोही में अतिक्रमण हटाये जाने, ग्राम-पलिया, शम्भूपुर अठगांवां, तहसील-पिण्डरा, जनपद-वाराणसी के श्री मोहन पुत्र निखिद्दी, श्री दिनेश पुत्र पन्नालाल, श्री रमेश पुत्र जीतालाल तथा श्री राजेन्द्र पुत्र राम आसरे आदि पट्टादारों को कब्जा दिलाने, प्रार्थी श्री बुधिराम बिन्द पुत्र राम खेलावन, ग्राम-सरईराज पुतानी, तहसील-ज्ञानपुर, भदोही की शिकायत पर अराजी न0-401 व 399 से अवैध अतिक्रमण हटाये जाने, प्रार्थी श्री बुधिराम बिन्द पुत्र राम खेलावन, ग्राम-सरईराज पुतानी, तहसील-ज्ञानपुर, जनपद-भदोही की शिकायत पर अराजी न0-402 से अवैध अतिक्रमण हटाये जाने सम्बन्धी प्रकरण " एवं" प्रार्थिनी श्रीमती बासमती पत्नी श्री जयशंकर यादव, निवासिनी-रजईपुर, ग्रामसभा-जंगला, तहसील-औराई, जनपद-भदोही सहित कुल 13 व्यक्तियों को आवांटित भूमि पर पट्टा दिलाने व भू-माफियाओं से कब्जा मुक्त कराये जाने संबंधी प्रकरण" पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी)

**24.** सभापति, उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति, वर्ष (2025-2026) का बेसिक शिक्षा विभाग से सम्बन्धित समिति का सत्तावनवां प्रतिवेदन, जो "श्री मनीष कुमार निवासी जनपद-प्रतापगढ़, को मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति दिलाये जाने सम्बन्धी प्रकरण" एवं "श्रीमती पुष्पलता वर्मा, प्रधान शिक्षिका, उच्च प्राथमिक विद्यालय, कुईथर (बिछिया) जनपद-उन्नाव को बी०आर०सी० श्री राघवेन्द्र सिंह यादव द्वारा मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित किये जाने सम्बन्धी प्रकरण" पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी)

**25.** सभापति, लोक लेखा समिति, उत्तर प्रदेश अट्ठारहवीं विधान सभा की लोक लेखा समिति (2025-2026) का अष्टम् प्रतिवेदन, जो भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्रतिवेदन (अनुपालन लेखापरीक्षा-1) में उल्लिखित कारागार एवं सुधार सेवाएँ विभाग से सम्बन्धित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी)

**26.** सभापति, लोक लेखा समिति, उत्तर प्रदेश अट्ठारहवीं विधान सभा की लोक लेखा समिति (2025-2026) का नवम् प्रतिवेदन, जो भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक

का 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्रतिवेदन (जनरल एवं सोशल सेक्टर) में उल्लिखित नगर विकास विभाग (कुम्भ मेला 2019 की लेखापरीक्षा) से सम्बन्धित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी) **27.** सभापति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधान सभा की "प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-2026)" का चौदहवाँ प्रतिवेदन जो वर्ष (2010-2011), (2014-2015) के लिये प्रतिवेदन में उल्लिखित ग्राम्य विकास विभाग के जिला विकास निधि एवं स्थानीय विकास कार्यों हेतु अनुदान, गोडा तथा जिला विकास निधि अनुदान, अलीगढ़ से सम्बंधित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी) **28.** सभापति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधान सभा की "प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-2026)" का पन्द्रहवाँ प्रतिवेदन जो वर्ष (2008-2009) के लिये प्रतिवेदन में उल्लिखित आयुष विभाग के भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश (धन्वंतरी भवन), लालबाग लखनऊ से सम्बंधित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी) **29.** सभापति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधान सभा की "प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-2026)" का सोलहवाँ प्रतिवेदन जो वर्ष (2007-2008), (2010-2011), (2011-2012) के लिये प्रतिवेदन में उल्लिखित महिला एवं बाल विकास विभाग के (बालगृह (बालक) चित्रकूट, स्वयंसेवी संस्था, ग्रामीण उत्थान समिति, बल्लीपरवा चित्रकूट मीरजापुर की ईकाई ।), (बालगृह (बालिका) चित्रकूट कैनन शिक्षा समिति चित्रकूट मीरजापुर की ईकाई ।), (बालगृह (बालिका) इलाहाबाद, ग्रामीण उत्थान समिति, मीरजापुर की ईकाई।), (उत्तर प्रदेश महिला एवं बाल कल्याण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ), (उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ), (राज्य महिला आयोग, उ०प्र०, लखनऊ) से सम्बंधित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी) **30.** सभापति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधान सभा की "प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-2026)" का सत्रहवाँ प्रतिवेदन जो वर्ष (2011-2012) के लिये प्रतिवेदन में उल्लिखित कृषि शिक्षा विभाग के (नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौ० विश्वविद्यालय, कुमारगंज, फैजाबाद) से सम्बंधित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी) **31.** सभापति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधान सभा की "प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-2026)" का अठारहवाँ प्रतिवेदन जो वर्ष (2016-2017) के लिये प्रतिवेदन में उल्लिखित आवास एवं शहरी नियोजन विभाग

के आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा से सम्बंधित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी)

**32.** सभापति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधान सभा की "प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा-परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-2026)" का उन्नीसवाँ प्रतिवेदन जो वर्ष (2019-2020), (2020-2021) के लिये प्रतिवेदन में उल्लिखित बेसिक शिक्षा विभाग के (महारानी अवन्तीबाई जू० हा० स्कूल रोहनिया, पीलीभीत), (बेसिक शिक्षा समिति, मुरादाबाद), (जनता जू०हा० स्कूल, उदयकरनपुर, पीलीभीत) तथा (श्री रामचन्द्र लघु माध्यमिक विद्यालय केशवाली महाराजगंज) से सम्बंधित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी)

**33.** सभापति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधान सभा की 'प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-2026)" का बीसवाँ प्रतिवेदन जो वर्ष (2018-2019), (2019-2020) के लिये प्रतिवेदन में उल्लिखित कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के (कृषि उत्पादन मण्डी समिति, झीझंक कानपुर देहात), (कृषि उत्पादन मण्डी समिति, अझुवा, कौशाम्बी), (कृषि उत्पादन मण्डी समिति, मंझनपुर, कौशाम्बी) एवं (कृषि उत्पादन मण्डी समिति, भरवारी, कौशाम्बी) से सम्बंधित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी)

**34.** सभापति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधान सभा की प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-2026)" का इक्कीसवाँ प्रतिवेदन जो वर्ष (2021-2022) के लिये प्रतिवेदन में उल्लिखित माध्यमिक शिक्षा विभाग के (माधव सिंह इण्टर कालेज, सरस्वती आश्रम, बमैला, हण्डिया, प्रयागराज), (देव विद्यालय इण्टर कालेज, तरौली, अयोध्या), (विद्यामंदिर इण्टर कालेज, मिल्कीपुर अयोध्या) एवं (बापू बालिका इण्टर कालेज, साहबगंज, अयोध्या) से सम्बंधित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी)

**35.** सभापति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधान सभा की "प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-2026)" का बाईसवाँ प्रतिवेदन जो वर्ष (2010-2011) के लिये प्रतिवेदन में उल्लिखित चिकित्सा शिक्षा विभाग के (डॉ० राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेज, गोमती नगर, लखनऊ) से सम्बंधित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे ।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी)

**36.** सभापति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधान सभा की "प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-2026)" का तेईसवाँ प्रतिवेदन जो वर्ष (2009-2010), (2010-2011) के लिये प्रतिवेदन में उल्लिखित अल्पसंख्यक कल्याण

एवं मुस्लिम वक्फ विभाग के (मदरसा बाबुल इल्म मुबारकपुर, आजमगढ), (मदरसा ज्याउल उलूम, कुर्थी जाफरपुर, मऊ), (मदरसा फैजे आम, मऊ), (मदरसा लत्फिया अरबिया टनटन पाड़ा, अलीगढ़). (मनसबिया अरबी कालेज, मेरठ), (मदरसा दारूल हुदा युसुफपुर, शिवपतिनगर, सिद्धार्थनगर), (मदरसा इस्लामिया अहलेसुन्नत हस्मतुलउलूम, रामपुर कटरा, बाराबंकी), (मदरसा जियाउल इस्लाम, फतेहपुर, बाराबंकी), (उत्तर प्रदेश हज समिति, लखनऊ) एवं (उत्तर प्रदेश हज समिति, लखनऊ) से सम्बंधित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी)

**37.** सभापति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधान सभा की "प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-2026)" का चौबीसवाँ प्रतिवेदन जो वर्ष (2010-2011) के लिये प्रतिवेदन में उल्लिखित अतिरिक्त उर्जा विभाग के (वैकल्पिक उर्जा विकास अभिकरण, लखनऊ) से सम्बंधित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी)

**38.** सभापति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधान सभा की "प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-2026)" का पच्चीसवाँ प्रतिवेदन जो वर्ष (2007-2008) के लिये प्रतिवेदन में उल्लिखित उच्च शिक्षा विभाग के (चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (कीड़ा खाता) से सम्बंधित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी)

**39.** सभापति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधान सभा की "प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-2026)" का छब्बीसवाँ प्रतिवेदन जो वर्ष (2015-2016) के लिये प्रतिवेदन में उल्लिखित सिंचाई विभाग के (सरयू नहर खण्ड-2, गोण्डा) तथा (अधिशासी अभियन्ता, ड्रेनेज खण्ड, सिद्धार्थनगर) से सम्बंधित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी)

**40.** सभापति, प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति, उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधान सभा की "प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा-परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-2026)" का सत्ताईसवाँ प्रतिवेदन जो वर्ष (2018-19), (2015-16) के लिये प्रतिवेदन में उल्लिखित गन्ना विकास विभाग के (उ०प्र० गन्ना अनुसन्धान एवं विकास निधि लखनऊ) तथा (उ०प्र० कल्याण निधि लखनऊ) से सम्बंधित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, प्रस्तुत करेंगे ।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी)

**41.** श्रीमती अनुपमा जायसवाल, मा0 सदस्य, याचिका समिति, उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की ''याचिका समिति'' (2025-26) का नवम् प्रतिवेदन, जो गृह विभाग से संबंधित है, प्रस्तुत करेंगी।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी) **42.** श्रीमती अनुपमा जायसवाल, मा0 सदस्य, याचिका समिति, उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की ''याचिका समिति'' (2025-26) का दसवाँ प्रतिवेदन, जो आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से संबंधित है, प्रस्तुत करेंगी।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी) **43.** श्रीमती अनुपमा जायसवाल, मा0 सदस्य, याचिका समिति, उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की ''याचिका समिति'' (2025-26) का ग्यारहवां प्रतिवेदन, जो धर्मार्थ कार्य विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग, राज्य सम्पत्ति विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं भूत्तव एवं खनिकर्म विभाग से संबंधित है, प्रस्तुत करेंगी।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी) **44.** श्रीमती अनुपमा जायसवाल, मा0 सदस्य, याचिका समिति, उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की ''याचिका समिति'' (2025-26) का बारहवां प्रतिवेदन, जो कृषि, कृषि शिक्षा, कृषि अनुसंधान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग से संबंधित है, प्रस्तुत करेंगी।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी) **45.** श्रीमती अनुपमा जायसवाल, मा0 सदस्य, याचिका समिति, उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की ''याचिका समिति'' (2025-26) का तेरहवां प्रतिवेदन, जो राजस्व विभाग से संबंधित है, प्रस्तुत करेंगी।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी) **46.** श्रीमती अनुपमा जायसवाल, मा0 सदस्य, याचिका समिति, उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की ''याचिका समिति'' (2025-26) का चौदहवां प्रतिवेदन, जो चीनी एवं गन्ना उद्योग विभाग से संबंधित है, प्रस्तुत करेंगी।

(मुद्रित प्रतियाँ बाद में वितरित की जायेंगी) **47.** श्रीमती अनुपमा जायसवाल, मा0 सदस्य, याचिका समिति, उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की ''याचिका समिति'' (2025-26) का पन्द्रहवां प्रतिवेदन, जो ऊर्जा विभाग से संबंधित है, प्रस्तुत करेंगी।

**48.** विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

**49.** याचिकाओं का उपस्थापन देखिये नत्थी (ग)।

**50.** नियम-315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणाएं, यदि कोई हों।

**51.** मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हो।

**52.** अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम, वक्फ़ एवं हज मंत्री यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश मदरसा (अध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान) विधेयक, 2016, जो राज्य विधान मण्डल द्वारा पारित होने के उपरान्त श्री राज्यपाल की अनुमति के लिए भेजा गया था, 'भारत का संविधान' के अनुच्छेद 175 के खण्ड-2 सपठित अनुच्छेद 200 के अधीन श्री राज्यपाल के संदेश सहित वापस प्राप्त हुआ है, पर पुनर्विचार किया जाय।

**53.** अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम, वक्फ़ एवं हज मंत्री यह प्रस्ताव करेंगे कि विधान सभा में लम्बित उत्तर प्रदेश मदरसा (अध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान) विधेयक, 2016 को वापस लेने की अनुमति दी जाय।

**54.** कार्य-स्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

**55.** नियम-51 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर ध्यान आकृष्ट करने की सूचनाएं, यदि कोई हों।

**56.** परशुराम वर्मा स्मारक महिला महाविद्यालय, मेमोरियल कॉलेज ऑफ फार्मेसी, एजूकेशनल पब्लिक स्कूल/डीएलएड कॉलेज की जाँच पूर्ण कराकर कार्यवाही के संबंध में श्री अभय सिंह द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर 2025 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत उच्च शिक्षा मंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

लखनऊ:
दिनांक 05 अगस्त, 2026 ई0

**प्रदीप कुमार दुबे,**
**प्रमुख सचिव।**

******************

| **तारांकित प्रश्न** | | **अतारांकित प्रश्न** | |
|---|---|---|---|
| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने की तिथि | प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने की तिथि |
| *1-20 | 21-07-2026 | 1-200 | 21-07-2026 |

# नत्थी (क)

# उत्तर प्रदेश विधान सभा

बुधवार, 14 श्रावण, शक संवत् 1948

(दिनांक 05 अगस्त, 2026 ई0)

-----------

(नोट :- प्रश्नकर्ता के नाम के नीचे मुद्रित तिथि प्रश्न की प्राप्ति की तिथि है, प्रश्नों पर कार्यवाही प्राप्ति के क्रम में की गयी है। जिन प्रश्नों में तिथि व्यतिक्रम है, वे स्थानान्तरित प्रश्न हैं।)

## तारांकित प्रश्न

श्री समरपाल सिंह
09-03-2026

*1-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के गाँव व शहरों में नई बसावट क्षेत्रों में विद्युत कनेक्शन एवं विद्युतीकरण हेतु आवेदकों को कई गुना अधिक धनराशि का स्टीमेट जारी किया जा रहा है ? यदि हाँ, तो उक्त के क्या कारण हैं ? क्या सरकार नई बसावट क्षेत्रों में निःशुल्क अथवा सब्सिडी देकर विद्युत कनेक्शन एवं विद्युतीकरण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? ऊर्जा-3

श्री स्वामी ओउ्मवेश
09-03-2026

*2- प्रश्न का विषय राज्य सरकार से असम्बद्ध होने के कारण निरस्त।

------

इंजी0 बृजेश कठेरिया
09-03-2026

*3- विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज मलिक तथा श्री नफीस अहमद 09-03-2026 | *4-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बढ़ते प्रदूषण के क्या कारण हैं एवं बढ़ते (वायु, जल तथा ध्वनि) प्रदूषण की रोक-थाम हेतु सरकार ने कोई कार्य योजना बनाई है ? यदि हाँ, तो उक्त योजना का विवरण क्या है ? क्या सरकार प्रदेश में प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध कोई दण्डात्मक कार्यवाही करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 09-03-2026 | *5- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री तेज प्रताप सिंह 09-03-2026 | *6-क्या वित्त मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पूर्वांचल एवं बुन्देलखण्ड विकास निधि के अन्तर्गत विगत तीन वित्तीय वर्षों में बजट प्राविधान के सापेक्ष अब तक कुल कितनी धनराशि की वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गईं और उसके सापेक्ष वास्तविक व्यय का प्रतिशत क्या है ? क्या सरकार बताएगी कि कतिपय जनपदों में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा समय पर उपभोग प्रमाण-पत्र उपलब्ध न कराए जाने के कारण अगली किस्त जारी करने में बाधा उत्पन्न हुई है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्रों के अवस्थापना अन्तराल और आर्थिक पिछड़ेपन के दृष्टिगत वित्तीय आवंटन के वर्तमान मानकों में संशोधन कर क्षेत्रफल व जनसंख्या के स्थान पर विकास सूचकांक को आधार बनाकर अवशेष धनराशि को लैप्स होने से बचाने हेतु इसे नॉन-लैप्सेबल फण्ड की श्रेणी में रखे जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नियोजन (02-शुक्रवार के तारां0प्र0सं0-01 के अन्तर्गत स्थानान्तरित) |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल 09-03-2026 | *7-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में गन्ना किसानों को गन्ने की फसल को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से रोग रहित एवं उन्नत बीज विकसित करने हेतु कितनी प्रयोगशालाएं हैं तथा उक्त में कितनी क्रियाशील हैं ? क्या सरकार के पास किसानों को गन्ना उत्पादन हेतु निःशुल्क बीज उपलब्ध कराने की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चीनी उद्योग-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ0 आर0 के0 वर्मा<br>09-03-2026 | *8-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के नगर निकायों में जल निकासी व सीवर लाइनों के नवीनीकरण व वॉटर टैक्स से सम्बन्धित कोई नीति बनाई गई है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-2 |
| | ------ | |
| श्री पंकज पटेल<br>09-03-2026 | *9-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कों का मानक क्या है ? क्या सरकार के संज्ञान में है कि सड़कों को मानक के अनुरूप न बनने के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त होने की जानकारी सरकार के संज्ञान में है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त हेतु कोई कार्य योजना बनाएगी ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| डॉ0 संग्राम यादव<br>09-03-2026 | *10-क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विगत तीन वर्षों के दौरान वृक्षारोपण कार्यक्रमों के अन्तर्गत कुल कितने पौधे लगाए गए हैं तथा वर्तमान में कितने पौधे जीवित हैं एवं कितने पौधों का क्षरण/नष्ट होना दर्ज किया गया है ? क्या सरकार द्वारा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं उनके जीवित रहने की दर बढ़ाने के लिए कोई विशेष योजना संचालित है ? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-5 |
| | ------ | |
| श्री अनिल प्रधान<br>09-03-2026 | *11-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ओवरलोडेड विद्युत ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि करने की सरकार की कोई योजना संचालित है ? यदि हाँ, तो उक्त का विवरण क्या है ? क्या सरकार यह भी बताएगी कि विद्युत उपभोक्ताओं को त्रुटिपूर्ण बिलिंग होने से उनका शोषण हो रहा है ? क्या सरकार ने उक्त के समाधान हेतु कोई योजना बनाई है ? यदि हाँ, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |
| | ------ | |
| श्री आशु मलिक<br>09-03-2026 | *12-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के नगर क्षेत्रों में अनुसूचित जाति बाहुल्य बस्तियों में सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य आधारभूत शहरी सुविधाओं के विकास हेतु सरकार द्वारा क्या कोई | नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम |

विशेष नीति अथवा योजना संचालित की जा रही है ? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है तथा इन बस्तियों के समग्र विकास एवं जीवन स्तर में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या अतिरिक्त कदम उठाए जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

------

डॉ0 पल्लवी पटेल
09-03-2026

*13-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में भूमि/आवास हेतु विकास प्राधिकरणों तथा आवास विकास की योजनाओं में प्रदेश के सचिवालयों में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों को वरीयता दी जा रही है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त योजनाओं में सचिवालय कर्मियों को वरीयता देने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

आवास एवं शहरी नियोजन-1

श्रीमती नसीम सोलंकी
09-03-2026

*14-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि पेट्रोल पम्पों से उठने वाले कैंसर कॉजिंग फ्यूम्स जैसे वायु प्रदूषण से निपटने के लिए कारगर मैकेनिज्म सिस्टम लागू किए जाने की कोई योजना सरकार की ओर से प्रचलित अथवा विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो मानव जीवन के लिए सबसे बड़े इस प्रदूषण के खतरे से निपटने हेतु सरकार ने किन-किन योजनाओं में कितना बजट स्वीकृत किया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6

------

श्री अतुल प्रधान
09-03-2026

*15-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2022 से दिनांक 28-02-2026 तक विभिन्न औद्योगिक इकाइयों द्वारा वायु प्रदूषण किये जाने की घटनाएं सरकार के संज्ञान में आयी हैं तथा कितनी ऐसी प्रदूषणकारी औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी है ? क्या सरकार बढ़ते हुये वायु प्रदूषण पर प्रभावी रोक लगाने के लिये कोई कार्य योजना बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6

------

श्री अखिलेश
09-03-2026

*16-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के नगर पालिका परिषदों को विस्तारित कराने की कोई योजना बनाई है ? यदि हाँ, तो क्या ? क्या सरकार जनपदवार नगर पालिकाओं का विस्तार करायेगी ? यदि नहीं,

नगर विकास-6

तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र नाथ यादव<br>09-03-2026 | *17-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ऊर्जा विभाग में संविदा/आउटसोर्स/डेलीबेसिस पर कितने कर्मचारी कार्य कर रहे हैं तथा लाइनमैन या अन्य विद्युत कर्मियों की करन्ट लगने से हुयी मौत में उनके आश्रितों को कितना मुआवजा दिये जाने का प्राविधान है ? क्या सरकार उक्त विद्युत कर्मियों का स्थायी बीमा कराने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अरमान खान<br>09-03-2026 | *18-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्थापित रियल स्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी में वर्तमान में कितनी कम्पनियों ने कुल कितने प्रोजेक्ट्स/परियोजनाएं पंजीकृत करवाया हुआ है ? क्या सरकार बताएगी कि रेरा में पंजीकृत कम्पनियों द्वारा नियमों का उल्लंघन करने पर कितनी कम्पनियां डिफाल्टर की श्रेणी में घोषित हैं तथा इन डिफाल्टर कम्पनियों के ऊपर क्या जुर्माना लगाया गया है ? क्या सरकार पंजीकृत व अपंजीकृत कम्पनियों द्वारा नियम विरुद्ध कर्मियों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कार्यवाही करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती पिंकी सिंह<br>09-03-2026 | *19-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कृषि में उपयोग होने वाले कृषि उपकरणों के विक्रय पर कितना प्रतिशत जी0एस0टी0 निर्धारित है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार यह भी बताएगी कि किसानों के कृषि में उपयोग होने वाले कृषि उपकरणों, खाद उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं पर जी0एस0टी0 समाप्त करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राज्य कर-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज कुमार पारस<br>09-03-2026 | *20-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के गाँव व शहरों में घरों के ऊपर से जा रही बिजली की लाइनों को हटाने हेतु कोई योजना बनाई है ? यदि हाँ, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती नसीम सोलंकी<br>09-03-2026 | 1-क्या सहकारिता मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सहकारी समितियों को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए सरकार ने क्या नई व्यवस्था लागू की है ? क्या सरकार बताएगी कि किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से सस्ता ऋण और खाद-बीज उपलब्ध कराने की स्थिति सुधारने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ? क्या सरकार की निष्क्रिय सहकारी समितियों को पुनः सक्रिय करने के लिए कोई योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>09-03-2026 | 2-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गन्ना उत्पादन मूल्य तथा गन्ना उत्पादन की दर प्रति एकड़ क्या है ? क्या सरकार लागत मूल्य के सापेक्ष वर्ष 2026 में गन्ने का वर्तमान राज्य परामर्शित मूल्य (एस0ए0पी0) का निर्धारण पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चीनी उद्योग-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज कुमार पारस<br>09-03-2026 | 3-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि ऊर्जा विभाग द्वारा जिन स्थानों पर लम्बे-लम्बे केबिल डालकर कनेक्शन दिए गए हैं, उन स्थानों पर खम्भे और ए0बी0सी0 केबिल डालने का कार्य सरकार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>09-03-2026 | 4-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की सभी नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों और नगर निगमों में कार्यरत सभी कर्मचारियों (विशेषकर आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखे गए कर्मचारियों) के ई0पी0एफ0 की नियमानुसार कटौती कर उसे सम्बन्धित खातों में जमा किया जा रहा है ? यदि हाँ, तो क्या जनपद फिरोजाबाद की नगर पालिका परिषद्, शिकोहाबाद एवं नगर पंचायत, मक्खनपुर में कार्यरत सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को सेवा प्रदाता कम्पनियों द्वारा नियमित रूप से पी0एफ0 का लाभ दिया जा रहा है ? यदि हाँ, तो गत एक वर्ष में शिकोहाबाद और मक्खनपुर में कितने कर्मचारियों का | नगर विकास-1 |

पी0एफ0 जमा किया गया है, का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्या सरकार आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के पी0एफ0 का पैसा जमा न करने वाली और उनका शोषण करने वाली सम्बन्धित कम्पनियों के खिलाफ कोई उच्च स्तरीय जांच कराकर सख्त दण्डात्मक कार्रवाई करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी<br>09-03-2026 | 5-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अन्तर्जनपदीय टू-लेन मार्गों का चौड़ीकरण, उच्चीकरण करने की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनपद बस्ती में तहसील भानपुर से अड़वाघाट होकर गौराचौकी जनपद गोण्डा को जाने वाली अन्तर्जनपदीय मार्ग का चौड़ीकरण एवं उच्चीकरण सरकार कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-11 |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>09-03-2026 | 6-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में आशावाद रसूलपुर क्षेत्र से होते हुए फतेहाबाद मार्ग को जाने वाले ब्रिज से 'मटसैना मार्ग' का सीधा जुड़ाव न होने के कारण क्षेत्रीय जनता को आवागमन में हो रही असुविधा सरकार के संज्ञान में है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित को दृष्टिगत रखते हुए मटसैना मार्ग को उक्त ब्रिज (फतेहाबाद मार्ग) से जोड़ने हेतु किसी एप्रोच या लिंक मार्ग के निर्माण को स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-11 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री कमलाकान्त राजभर उर्फ पप्पू<br>09-03-2026 | 7-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र दीदारगंज के विभिन्न सब-स्टेशनों के फीडरों के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों में जर्जर तार, पोल व पुराने आवश्यक उपकरण परिवर्तित कर नया लगाए जाने हेतु किन-किन योजनाओं के तहत कार्य योजना स्वीकृत हुई तथा कौन-कौन से कार्य कराए गए व कौन से कार्य अधूरे हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती पिंकी सिंह<br>09-03-2026 | 8- अस्पष्टता के आधार पर निरस्त। | |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>09-03-2026 | 9-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राज्य कर प्रयागराज के सहायक सांख्यिकीय अधिकारीगण, जो पूर्व में राष्ट्रीय बचत निदेशालय से अन्तिम मूल वेतन रु0 37,600/- में दिनांक 28-02-2019 को कार्य मुक्त हुये थे, जबकि राज्य कर विभाग में दिनांक 01-03-2019 को वेतनमान रु0 35,400/- पर कार्य ग्रहण कराया गया था, उनके पूर्व पद पर प्राप्त अन्तिम मूल वेतन रु0 37,600/- का संरक्षण किये जाने हेतु उक्त कर्मचारियों की पत्रावली वर्ष 2023 से राज्य कर विभाग में लम्बित है ? क्या यह सही है कि उक्त प्रकरण में वर्ष 2025 में वित्त विभाग से अनुमति भी मिल चुकी है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रकरण का निस्तारण कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राज्य कर-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>09-03-2026 | 10-क्या सहकारिता मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन के कालपी विधान सभा क्षेत्र में गेहूं की भरपूर उपज के सुरक्षित भण्डारण के लिये कुठौंद कस्बे में वेयर हाउस बनाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद सरोज<br>09-03-2026 | 11-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 27-01-2026, जो उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम, 2021 की धारा-21(2) के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रार्थना-पत्रों को उक्त अधिनियम की धारा-33(2) के अन्तर्गत किराया प्राधिकारी द्वारा 60 दिवस के अन्दर निस्तारित किये जाने के स्पष्ट प्राविधान होने के बावजूद जनपदीय किराया प्राधिकरण द्वारा निर्धारित अवधि में उक्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण न किये जाने पर जनपदीय किराया प्राधिकरणों को स्पष्ट निर्देश निर्गत किये जाने का अनुरोध विषयक है, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजीव सिंह (पारीछा)<br>09-03-2026 | 12-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विधान सभा क्षेत्र बबीना के बरुआसागर नगर पालिका क्षेत्र एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति | ऊर्जा-1 |

हेतु कोई भी विद्युत सब-स्टेशन न होने से यहां पर प्रायः विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार बरुआसागर नगर क्षेत्र में 132 केवी0 विद्युत सब-स्टेशन स्थापित करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजीव सिंह (पारीछा) 09-03-2026 | 13-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विधान सभा क्षेत्र बबीना के चिरगाँव नगर में पुलिया के पास बने विद्युत सब-स्टेशन में पानी का निकास न होने के कारण प्रतिवर्ष बारिश के मौसम में जलभराव के कारण अधिकांश भाग डूब जाता है, जिससे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था कई दिनों तक बाधित रहती है, साथ ही जान-माल के नुकसान की भी आशंका बनी रहती है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्युत सब-स्टेशन को अन्य जगह स्थानान्तरित करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजीव सिंह (पारीछा) 09-03-2026 | 14-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र के हजारों व्यापारियों के वादों के निस्तारण हेतु जनपद झाँसी में पूर्व से वाणिज्य कर अधिकरण गठित है, जिसे शासन के निर्देश पर बन्द करने की कार्यवाही की जा रही है ? यदि हाँ, तो उक्त के क्या कारण हैं ? क्या सरकार व्यापारियों के हितार्थ जनपद झाँसी के उक्त वाणिज्य कर अधिकरण को जी0एस0टी0 पीठ में समायोजित करने की कार्यवाही करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राज्य कर-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति 09-03-2026 | 15-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हमीरपुर के मौदहा कस्बा में सिचौली वार्ड से नेशनल हाई-वे तक निर्मित सड़क से भारी वाहनों के निकलने पर उक्त मार्ग पूर्णतया जर्जर हो गया है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराते हुये मरम्मत का कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नियोजन (01-शुक्रवार के तारां0प्र0सं0-75 के अन्तर्गत स्थानान्तरित) |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति | 16-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हमीरपुर के विकास खण्ड मौदहा के ग्राम पंचायत मदारपुर के | लोक निर्माण-9 |

| | | |
|---|---|---|
| 09-03-2026 | क्योटरा (मजरा) से हमीरपुर-कबरई राजमार्ग तक कोई पक्की सड़क नहीं है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पक्के सड़क का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति 09-03-2026 | 17-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हमीरपुर में विकास खण्ड सुमेरपुर के ग्राम अतरैया एवं अतरैया डेरा के मध्य स्थित मार्ग में पुलिया न होने के कारण आम-जन को आवागमन में कठिनाई होती हैं ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुलिया का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत 09-03-2026 | 18-क्या वित्त मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विमला देवी ब्रजमोहन सिंह इण्टर कालेज समिति, सरायप्रयाग, जनपद कन्नौज, जिसकी फाइल सं0-1-18344 का पंजीकरण सं0-33/1978, दिनांक 22-04-1968 से उपनिबन्धक चिट्स एवं फण्ड कानपुर में रजिस्टर्ड है तथा उप जिलाधिकारी के आदेश दिनांक 07-06-2017 के क्रम में प्रबन्धन समिति द्वारा चुनाव कराने के उपरान्त अपनी सूची डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय कानपुर में दाखिल की गयी थी ? यदि हाँ, तो उक्त सोसाइटी की प्रबन्ध समिति का पंजीकरण एवं संस्था का रिन्यूवल प्रमाण-पत्र प्रदान न किये जाने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त प्रकरण में किये जा रहे विलम्ब हेतु दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कर उक्त प्रकरण का निस्तारण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वित्त (लेखा परीक्षा)-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत 09-03-2026 | 19-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी में एरच डिफेंस कॉरिडोर के 132 केवी0 सब-स्टेशन से 33/11 केवी0 के जुझारपुरा, एरच, खड़ैनी सब-स्टेशन जोड़े जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 सं0-458040, दिनांक 19 मई, 2025, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत 09-03-2026 | 20-क्या सहकारिता मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के गुरसरांय क्षेत्र में किसानों की फसल को रखने हेतु कोई भी वेयरहाउस की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण किसानों की फसलों के रख-रखाव के अभाव में उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है ? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में वेयरहाउस का निर्माण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता-1 |
| श्री जय कुमार सिंह जैकी 09-03-2026 | 21-विधान सभा के तृतीय सत्र, 2025 के प्रथम बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-195 के उत्तर के क्रम में क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि ग्राम बिरूरा, तहसील सरोजनीनगर, जनपद लखनऊ में उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद् के पत्राँक-351, दिनाँक 25-06-2008 द्वारा अधिग्रहीत गाटा संख्या-15 में स्थापित चकमार्ग का निर्माण सरकार करायेगी तथा उक्त ग्राम के गाटा संख्या-17 व 19 में दर्ज चकमार्ग का निर्माण हेतु स्थानीय निकाय के निर्णय पर धन उपलब्ध करा दिया गया है ? यदि हाँ, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 10-03-2026 | 22- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 10-03-2026 | 23- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 10-03-2026 | 24- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 10-03-2026 | 25- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 10-03-2026 | 26- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ0 आर0 के0 वर्मा<br>10-03-2026 | 27-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रयागराज के विकास खण्ड कौड़िहार अन्तर्गत हथीगहां चौराहे से पंचायत भवन मोहम्मदपुर की सड़क ध्वस्त होकर गड्ढे में तब्दील हो गई है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का मरम्मतीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ0 आर0 के0 वर्मा<br>10-03-2026 | 28-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग में जूनियर इंजीनियर टेक्निकल (जे0ई0टी0) की स्थानान्तरण नीति क्या है ? क्या सरकार बतायेगी कि जनपद सिद्धार्थनगर के लोक निर्माण विभाग में जे0ई0टी0 के पद पर कतिपय कर्मचारी स्थानान्तरण नीति के विरुद्ध विगत 14-15 वर्षों से मुख्य अभियन्ता बस्ती क्षेत्र में तैनात होने की जांच विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-क-7 न0-488005, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मोहम्मद हसन 'रूमी'<br>10-03-2026 | 29-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कानपुर नगर निगम द्वारा लागू जी0आई0एस0 सर्वे के बाद हाउस टैक्स के निर्धारण में विसंगतियों को दूर करने के लिए पुनर्मूल्यांकन या कैम्प लगाकर आपत्तियों के निस्तारण की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार यह भी बताएगी कि पिछले एक वर्ष में कानपुर नगर निगम को हाउस टैक्स से कुल कितना राजस्व प्राप्त हुआ है और उसका कितना प्रतिशत विकास कार्यों पर खर्च किया गया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-9 |
| श्री मोहम्मद हसन 'रूमी'<br>10-03-2026 | 30-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कानपुर नगर की छावनी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बाबूपुरवा/बेगमपुरवा/मुंशीपुरवा/अजीतगंज के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पेयजल की पाइप लाइनें सीवर लाइनों के साथ मिली होने के कारण नलों में प्रदूषित पानी आ रहा है ? क्या सरकार के संज्ञान में है कि पिछले एक वर्ष में इन | नगर विकास-5 |

क्षेत्रों से जल-कल विभाग/जल निगम को दूषित पानी की कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं और उन पर क्या ठोस कार्यवाही की गई ? क्या सरकार इन वार्डों में दशकों पुरानी जर्जर पाइप लाइनों को बदलने के लिए कोई विशेष कार्य योजना बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मोहम्मद हसन 'रूमी'<br>10-03-2026 | 31-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कानपुर नगर की छावनी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले नगर निगम के समस्त प्रत्येक वार्डों में सफाई हेतु कुल कितने सफाई कर्मचारियों (नियमित, संविदा एवं आउटसोर्सिंग) के पद स्वीकृत हैं तथा स्वीकृत पदों के सापेक्ष वर्तमान में कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार वार्डवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी<br>10-03-2026 | 32-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-बस्ती के विधान सभा क्षेत्र रुधौली अन्तर्गत गन्ना विकास परिषद् द्वारा वर्ष 2005 से 2023 तक कितने सड़कों का निर्माण कार्य कराया गया है ? क्या सरकार गन्ना विकास परिषद् द्वारा निर्मित उक्त सड़कें जो वर्तमान में जर्जर एवं गड्ढायुक्त हो गई हैं, का पुनर्निर्माण/मरम्मत करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चीनी उद्योग-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>10-03-2026 | 33-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर के अन्तर्गत ग्राम तेंदुली दसबारी सम्पर्क मार्ग से ग्राम सभा दौलसेपुर तक का सड़क मार्ग जर्जर एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा होती है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण अथवा विशेष मरम्मत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज<br>(02-मंगलवार के अतारां0प्र0सं0-01 के अन्तर्गत स्थानान्तरित) |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>10-03-2026 | 34-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर में ग्राम सभा पुनर्जी में मेन सड़क से दलित बस्ती तक सड़क मार्ग जर्जर | लोक निर्माण-1 |

एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा होती है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का विशेष मरम्मत अथवा नवीनीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>10-03-2026 | 35-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर के आजमगढ़ गाजीपुर मार्ग से सम्पर्क मार्ग खेमऊपुर मार्ग क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 संग्राम यादव<br>10-03-2026 | 36-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ नगर के डालीबाग स्थित चिड़ियाघर गेट नम्बर 02 से गेट नम्बर 01 (चिड़ियाघर के बगल से) को जाने वाला सीमेन्टेड ईंट मार्ग क्षतिग्रस्त एवं सीवर लाइन डालने से रोड क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त मार्ग को ठीक करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अब्बास अंसारी<br>10-03-2026 | 37-क्या मुख्य मंत्री बताने कि कृपा करेंगे कि जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र सदर के परदहां ब्लाक के ग्राम पंचायत सरवां से तमसा नदी पुल होते हुए हथनी चट्टी तक लगभग 5 किमी0 सड़क क्षतिग्रस्त होने से जिले के तीन ब्लाक परदहां, रतनपूरा एवं कोपागंज के लगभग 50 गांव के लोगों का आवागमन पूरी तरह से प्रभावित है तथा आए दिन दुर्घटना होने के कारण जान एवं माल का नुकसान हो रहा है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अब्बास अंसारी<br>10-03-2026 | 38-क्या मुख्य मंत्री बताने कि कृपा करेंगे कि जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र मऊ सदर के रतनपूरा विकास | लोक निर्माण-6 |

खण्ड में ग्राम सभा मानिकपुर के गहनी मार्ग पर छांगुर नट के खेत के पास बसनही नाले पर पुलिया निर्माण कार्य, ग्राम सभा अरदौना रेहिया नाले पर कपिल यादव के घर के पास खराड़गाड़ी से गरा तालाब पर पुलिया निर्माण कार्य तथा ग्राम सभा मुबारकपुर शारदा सहायक नहर पर राम बासरे यादव के ट्यूबवेल के सामने नहर पर पुल का निर्माण कार्य सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>10-03-2026 | 39-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कौशाम्बी के नगर पालिका मंझनपुर के सिराथू तहसील क्षेत्र में अनियोजित आवासीय कालोनी के फैलाव को रोकने के लिए सुनियोजित आवासीय कालोनी हेतु कोई योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>10-03-2026 | 40-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ में गोमती नदी के तट पर बने रिवर फ्रंट को विश्व स्तर का पर्यटन स्थल बनाने की सरकार की कोई योजना है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 संग्राम यादव<br>10-03-2026 | 41-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ नगर निगम के जोन 8 अन्तर्गत वृंदावन योजना खारिका द्वितीय में मकान नम्बर 8ए/306 से 8ए पानी की टंकी तक डिवाइडर सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा होती है ? क्या सरकार उक्त सड़क का नवीनीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |
| श्री दुर्गा प्रसाद यादव<br>10-03-2026 | 42-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के जैमुतुल मदरसा गुलामी के पुरे के बगल में नाला एवं पुलिया न होने के कारण जल जमाव से आमजन को आवागमन में समस्या हो रही है ? क्या सरकार उक्त नाला एवं पुलिया का निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री दुर्गा प्रसाद यादव<br>10-03-2026 | 43-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ में गल्ला मंडी के सामने से होते हुए सनबीम रेस्ट्रोरेन्ट से पुराणी कोतवाली पावर हाउस के पास तक रोड जर्जर होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या उक्त गल्ला मण्डी को इण्टरलॉकिंग एवं नाली का निर्माण कार्य सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री दुर्गा प्रसाद यादव<br>10-03-2026 | 44-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ में गुलामी का पुरा में रेडरोज स्कूल के बगल में मेन रोड तक का रोड जर्जर होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा होती है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवनिर्माण कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री दुर्गा प्रसाद यादव<br>10-03-2026 | 45-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे की जनपद आजमगढ़ विधान सभा क्षेत्र सदर में हर्रा की चुंगी पर सड़क के दोनों तरफ का नाला जर्जर है, जिससे आमजन मानस को असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त नाले का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हाँ,तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-9 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री दुर्गा प्रसाद यादव<br>10-03-2026 | 46-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र सदर में कन्हैया के घर से आर0के0 गेस्ट हॉउस होते हुए नाले तक रोड जर्जर होने से आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? अतः इन्टरलॉकिन्ग एवं नाले की नितांत आवश्यकता है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवनिर्माण कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 अजय कुमार<br>10-03-2026 | 47-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बागपत के ग्राम असारा से भनेडा एवं असारा से ऐलम | लोक निर्माण-1 |

सम्पर्क मार्गों के नवनिर्माण के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या क-7 नं0-425997, दिनांक 02-12-2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री श्याम सुन्दर
10-03-2026

48-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र बछरावां में पुरे मतई मजरे जमुलिया से आम्हा मजरे हिलहा होते हुए माझिगांव सड़क तक लगभग तीन किलोमीटर सड़क का नवनिर्माण कार्य सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-9

------

श्री नाहिद हसन
10-03-2026

49-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश स्टेट हाई-वे द्वारा निर्मित मुजफ्फरनगर सहारनपुर राज्य हाई-वे मार्ग पर काली नदी के ऊपर से गुजर रहे पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के एप्रोच रोड जिसको की पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा मुजफ्फरनगर सहारनपुर राज्य हाई-वे मार्ग तक निर्मित मार्ग को कब तक राज्य हाई-वे मार्ग से जोड़ दिया जाएगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-11

------

श्री राजीव सिंह
(पारीछा)
10-03-2026

50-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विधान सभा क्षेत्र के चिरगांव भाण्डेर सम्पर्क मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही के कारण प्रायः यहां का मार्ग बाधित रहता है ? यदि हां, तो क्या सरकार झाँसी-लखनऊ रेल मार्ग के क्रम सं0 135 (चिरगांव रेलवे स्टेशन के पास) रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण हेतु वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-11

श्री राजीव सिंह
(पारीछा)
10-03-2026

51-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विधान सभा क्षेत्र के बड़ागांव भसनेह सम्पर्क मार्ग बुन्देलखण्ड डिफेंस कॉरीडोर को जोड़ता है, बेतवा नदी से होकर निकला है जिस पर सेतु का निर्माण न होने से आवागमन हेतु अतिरिक्त दूरी तय करने को विवश हैं ? क्या सरकार इस नदी पर सेतु निर्माण हेतु वित्तीय व प्रशासनिक

लोक निर्माण-6

स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री राजीव सिंह (पारीछा) 10-03-2026

52-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विधान सभा क्षेत्र बबीना की नगर पालिका परिषद् बरूआसागर में निवासरत् परिवारों के मकानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के नक्शे नगर पालिका द्वारा पास किये जाते थे जिस पर जिला प्रशासन ने रोक लगाकर झाँसी विकास प्राधिकरण, झाँसी से नक्शे पास कराने हेतु विगत 03 वर्ष पूर्व आदेश जारी कर दिये थे, जिससे पालिका की आय में कमी आयी है व यहां के निवासियों को नक्शे पास कराने के लिए लगभग 40 किमी0 चलकर झाँसी आने में अतिरिक्त समय व आर्थिक व्यय करना पड़ रहा है ? क्या सरकार नगर पालिका परिषद्, बरुआसागर, जनपद झाँसी में नक्शे पास कराने की पूर्व की व्यवस्था लागू करने एवं झाँसी विकास प्राधिकरण झाँसी से नक्शे पास कराने का आदेश निरस्त करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-6

------

श्री राजीव सिंह (पारीछा) 10-03-2026

53-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विधान सभा क्षेत्र बबीना के बरूआसागर नगर में यातायात अत्यधिक होने के कारण यहां प्रायः ट्रैफिक जाम के निराकरण हेतु बरूआसागर में साहू कृषि फार्म नहर से आरा मशीन स्टेशन रोड तक बाईपास सम्पर्क मार्ग लगभग 4.50 किमी0 का नव निर्माण सरकार करायेगी ? क्या सरकार उक्त बाईपास सम्पर्क मार्ग का निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-11

डॉ0 अजय कुमार 10-03-2026

54-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आगरा स्थित आवास विकास कालोनी स्थित सेन्ट्रल पार्क का नाम वीर गोकुला पार्क रखे जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या 421/आ0स0/वि0स0/2025 दिनांक 22-04-2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गयी है ? यदि

नगर विकास-7

नहीं, तो क्यों ?

------

श्री प्रसन्न कुमार
10-03-2026

55-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के अन्तर्गत नगर पालिका शामली के वार्ड नं0-9 के देवयोग एन्क्लेव में गली नं0-2 रजवाहा के निकट जयदेव के मकान से बबीता के मकान तक मार्ग लम्बाई लगभग 200 मी0 है, मार्ग कच्चा है एवं आस-पास गंदा पानी भरा रहता है जिससे आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य मुख्य मंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत करायेगी ? यदि नही, तो क्यों ?

नगर विकास-2

------

श्री समरपाल सिंह
10-03-2026

56-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के मोहल्ला रेलपार के कुड़ाना रोड पर सूरजमल विहार के निकट अनुज कुमार पुत्र जयप्रकाश के मकान के बाहर बिल्कुल गेट के सामने टर्मिनेट हो रही 11000 वोल्ट की लाइन व 63 केवीए ट्रांसफार्मर होने से सम्भावित दुर्घटना के दृष्टिगत कुड़ाना मार्ग स्थित श्री अनुज कुमार के घर के दूसरी तरफ रोड के पार उक्त 11000 वोल्ट की लाइन व 63 केवीए ट्रांसफार्मर को सरकार स्थानान्तरित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-3

------

श्री प्रसन्न कुमार
10-03-2026

57-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि आई0जी0आर0एस0 संख्या-40014124008977 जो कतिपय विद्युत उपकेन्द्र परिचालक द्वारा की गयी शिकायत के सम्बन्ध में था, के अन्तर्गत गठित जाँच समिति द्वारा जाँच के उपरान्त की गयी कार्यवाही/आख्या का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-2

------

श्री प्रसन्न कुमार
10-03-2026

58-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद नोएडा अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी-त्रयोदश के आदेश संख्या-1365/वि0न0वि0 उपखण्ड/नौ/18, दिनाँक

ऊर्जा-2

20-10-2023 के क्रम में उपकेन्द्र परिचालकों का स्थानान्तरण किया गया है ? यदि हाँ, तो उक्त आदेश के क्रम में किन परिचालकों के स्थानान्तरण कहाँ से कहाँ किये गये एवं स्थानान्तरण किये जाने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रसन्न कुमार<br>10-03-2026 | 59-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के मोहल्ला रेलपार के कुड़ाना रोड से सदाशिव मन्दिर जाने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त है एवं दोनों तरफ नाली न होने के कारण रोड तोड़कर जगह-जगह पर पानी निकाला जाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग एवं नाली की मरम्मत/सुदृढ़ीकरण कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>10-03-2026 | 60-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र कालपी के विकास खण्ड महेवा के ग्राम पिथऊपुर में कोच मंलगा नाला पर पुल का निर्माण कार्य कराये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री समरपाल सिंह<br>10-03-2026 | 61-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली की विधान सभा क्षेत्र शामली की नगर पालिका शामली को वित्तीय वर्ष 2025-26 में कितना बजट प्राप्त हुआ ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त बजट में से कितना खर्च किया जा चुका है एवं कितना शेष है ? क्या सरकार खर्च किये गये बजट का मदवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>10-03-2026 | 62-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र कालपी में वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25, 2025-26 में कितने सड़कों को | लोक निर्माण-1 |

गड्ढामुक्त योजना के अन्तर्गत गड्ढामुक्त किया गया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री तुफानी सरोज
10-03-2026

63-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बिजली की मांग के अनुरूप कितने मेगावाट बिजली वर्तमान में पैदा हो रही है ? क्या सरकार बताएगी कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कितने-कितने घण्टे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है ? क्या सरकार ने मांग के सापेक्ष विद्युत उत्पादन की योजना बनाई है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-3

------

श्री समरपाल सिंह
10-03-2026

64-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली की विधान सभा क्षेत्र शामली की नगर पालिका शामली को वित्तीय वर्ष 2026-27 में कितना बजट प्राप्त हुआ ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त बजट में से किस-किस मद में कितना बजट आवंटित किया गया है ? क्या सरकार उक्त आवंटित बजट का मदवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-2

------

श्री समरपाल सिंह
10-03-2026

65-विधान सभा के प्रथम सत्र-2026 के प्रथम बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-199 के उत्तर के क्रम में क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के झिंझाना से वाया ऊन होते हुए थाना भवन तक जाने वाले सडक मार्ग के निर्माण हेतु मै0 रवि कान्सट्रक्शन, मुजफ्फरनगर को आवंटित टेण्डर में अनियमितता कर सड़क निर्माण को पूर्ण न कराये जाने के कारण एवं अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार डिबार फर्म मै0 रवि कान्सट्रक्शन, मुजफ्फरनगर के विरुद्ध नियमानुसार अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो उक्त डिबार फर्म मै0 रवि कान्सट्रक्शन, मुजफ्फरनगर के विरुद्ध कार्यवाही में हो रहे विलम्ब के क्या कारण हैं ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त सड़क मार्ग में हुई वित्तीय हानि की क्षतिपूर्ति मै0 रवि कान्सट्रक्शन, मुजफ्फरनगर से करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-7

------

श्री समरपाल सिंह
10-03-2026

66-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली में नगरपालिका क्षेत्र शामली के वार्ड संख्या-9 रेलपार में जिले सिंह के सामने वाली गली मे सतपाल पुत्र मंगत के मकान से कौशल देवी पत्नी स्वर्गीय धीर सिंह के मकान तक सी0 सी0 रोड निर्माण किया गया है तथा शेष भाग मे कुछ जगह प्राइवेट इण्टरलाकिंग है तथा कुछ भाग कच्चा है ? क्या सरकार के संज्ञान में है कि जिन्होने प्राइवेट इण्टरलाकिंग कराई है वे अक्सर रास्ता अवरुद्ध कर देते हैं ? क्या सरकार प्राइवेट इण्टरलाकिंग को हटवाते हुए कविता पत्नी स्व0 विनोद कुमार के मकान तक शेष रास्ता में भी सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर पूर्ण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-2

------

श्री रविदास मेहरोत्रा
10-03-2026

67-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर पालिका परिषद बांदा के अधिशासी अधिकारी द्वारा की जा रही निविदाओं में वित्तीय अनियमितता की जांच कराये जाने व शपथ-पत्र प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त भी जांच अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता को न बुलाये जाने पर जांच अधिकारी को बदले जाने हेतु आई0जी0आर0एस0 संख्या 60000260053881 विभाग को प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-4

------

डॉ0 नीरज बोरा
10-03-2026

68-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर निगम, लखनऊ के अन्तर्गत सीतापुर रोड की प्रारम्भ सीमा से मार्ग प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) की व्यवस्था नहीं होने से मार्ग पर अंधेरा रहता है ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त मार्ग पर प्रकाश हेतु कोई आदेश पूर्व में निर्गत किया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए प्रश्नगत मार्ग पर मार्ग प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-7

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>10-03-2026 | 69-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के जयशंकर प्रसाद वार्ड अन्तर्गत सेक्टर-क्यू स्थित ई0डब्ल्यू0एस0 कॉलोनी में सीवर व्यवस्था पूर्णतः ध्वस्त हो चुकी है, जिससे स्थानीय निवासियों को गम्भीर असुविधा एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में नई सीवर लाइन बनवाने का कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>10-03-2026 | 70-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के सीतापुर रोड स्थित पुरनिया गांव के समीप वागा हॉस्पिटल के सामने मुख्य मार्ग पर जल निकासी की स्थायी व्यवस्था न होने के कारण जल भराव होता है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी असुविधा होती है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर नाले का निर्माण कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>10-03-2026 | 71-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के जानकीपुरम स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे से टेढ़ी पुलिया तक की सर्विस लेन क्षतिग्रस्त एवं संकरी होने के कारण आम जनता को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार प्रश्नगत सर्विस लेन के चौड़ीकरण एवं मरम्मत का कार्य कराए जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-12 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>10-03-2026 | 72-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद में नगर विकास विभाग के माध्यम से संचालित इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा में कार्यरत आउटसोर्स कार्मिकों के मानदेय से नियमानुसार ई0एस0आई0सी0 तथा कर्मचारी भविष्य निधि की कटौती नहीं की जा रही है तथा मानदेय में नियमानुसार वृद्धि नहीं की जा रही है ? क्या सरकार के संज्ञान है कि जनपद स्थित बहरामपुर डिपो का भवन मानक के अनुरूप निर्मित नहीं है, जिसके कारण मात्र 03 वर्षों के अन्तराल में ही बिल्डिंग की स्थिति अत्यन्त जर्जर हो गई है और वहां रख-रखाव तथा कार्यालय जैसी | नगर विकास-7 |

मूलभूत सुविधाओं का पूर्णतः अभाव है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त एजेंसी की जवाबदेही तय करने, कार्मिकों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिलाने तथा डिपो भवन के निर्माण की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच कराकर आवश्यक सुधार करने का विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

इंजी0 बृजेश कठेरिया
10-03-2026

नगर विकास-9

73-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी की नगर पंचायत किशनी में नगला घासी, बटपरू, नगला मंगत, नगला हरिसिंहपुर, नगला सूखे, पृथ्वीपुर में बारातघर का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे निर्माण कार्यों को पूर्ण कराएगी ?

------

इंजी0 बृजेश कठेरिया
10-03-2026

लोक निर्माण-1

74-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी की विधान सभा क्षेत्र किशनी के अन्तर्गत वर्तमान में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित कितनी ग्रामीण सड़कें गड्ढायुक्त एवं जर्जर अवस्था में हैं ? क्या सरकार को जानकारी है कि उक्त सड़कों पर आवागमन बाधित हो रहा है ? यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों की मरम्मत का कार्य कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

इंजी0 बृजेश कठेरिया
10-03-2026

नगर विकास-7

75-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ की विधान सभा क्षेत्र सरोजनीनगर के अन्तर्गत खरिका पंचायत भवन स्थित तालाब का राजस्व अभिलेखों में कुल वास्तविक क्षेत्रफल कितना दर्ज है और वर्तमान में मौके पर कितने भाग पर अवैध कब्जा है ? क्या सरकार उक्त तालाब में वृहद स्तर पर व्याप्त कचरे व गंदगी को हटवाकर एवं अतिक्रमण मुक्त कराकर उसका सुन्दरीकरण कराने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री तेज प्रताप सिंह
10-03-2026

ऊर्जा-3

76-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी के करहल विधान सभा क्षेत्र में जर्जर विद्युत तारों और झुक चुके खम्भों को बदलने के लिए रिवैम्पड योजना के तहत अब तक क्या प्रगति हुई है और शेष कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री तेज प्रताप सिंह<br>10-03-2026 | 77-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी के करहल विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्रामीण अंचलों को मुख्य मार्गों से जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग जो जर्जर अवस्था में होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? यदि हां, तो क्या उक्त मार्ग के पुनर्निर्माण हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यो ? | लोक निर्माण-1 |
| श्री तेज प्रताप सिंह<br>10-03-2026 | 78-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी के विकास खण्ड बरनाहल के ग्राम नगला सेवा (सवैया) से जगन्नाथपुर तक मार्ग जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कार्य कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-9 |
| श्री अतुल प्रधान<br>11-03-2026 | 79-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि आवास विकास योजनाओं के अन्तर्गत 20 वर्ष से अधिक से चल रहे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं दुकानों का वर्तमान स्थिति के अनुसार नक्शा पास कर बाजार को वैध करने की किसी योजना पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो जनपद मेरठ के शास्त्रीनगर सेट्रर मार्किट पर वर्षों से कार्यरत दुकानदारों की मदद के लिये सरकार कोई उपाय करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? | आवास एवं शहरी नियोजन-2 |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>11-03-2026 | 80- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>11-03-2026 | 81- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>11-03-2026 | 82-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के टी0 एस0 बन्धा से रतिछपरा सम्पर्क मार्ग जर्जर होने से आम जनमानस को | लोक निर्माण-1 |

आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>11-03-2026 | 83- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>11-03-2026 | 84- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल<br>11-03-2026 | 85-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मऊ के विकास खण्ड मुहम्मदाबाद गोहना अन्तर्गत हाफिजपुर-बनियापार से बरहदपुर तक पिच मार्ग तथा चिश्तीपट्टी से बरहदपुर (डॉक्टर अनिरुद्ध सिंह के घर) होते हुए बरहदपुर कुटी (मुहम्मदाबाद गोहना-आजमगढ़ मुख्य मार्ग) तक पिच मार्ग का निर्माण कार्य कराने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| | ------ | |
| श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी<br>12-03-2026 | 86-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सड़कों के मरम्मतीकरण की सरकार की कोई योजना संचालित है ? यदि हाँ, तो उक्त का विवरण क्या है ? क्या सरकार प्रदेश के क्षतिग्रस्त मुख्य सम्पर्क मार्गों, अन्य जिला मार्गों का मरम्मतीकरण का कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| | ------ | |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>11-03-2026 | 87-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के दया छपरा-नवरंगा मार्ग के बीच गंगा नदी पर पीपे का पुल के स्थान पर पक्का पुल का निर्माण सरकार करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |
| | ------ | |
| श्री मोहम्मद हसन 'रूमी'<br>11-03-2026 | 88-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कानपुर नगर में 'डोर-टू-डोर' कूड़ा कलेक्शन हेतु वर्तमान में कितनी कम्पनियां अनुबन्धित हैं और उन्हें प्रतिमाह | नगर विकास-7 |

कितना भुगतान किया जा रहा है ? क्या यह सच है कि नगर निगम के कई वार्डों (जैसे-बाबूपुरवा, मुंशीपुरवा, बेगमपुरवा, अजीतगंज, सुजातगंज चंदारी और जाजमऊ) में नियमित कूड़ा उठाव न होने के कारण संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं ? सरकार उन कम्पनियों के खिलाफ क्या कार्यवाही कर रही है, जो अनुबन्ध की शर्तों के अनुरूप कार्य नहीं कर रही हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>11-03-2026 | 89-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के लालगंज में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु 33/11 के0वी0 का विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | ऊर्जा-3 |
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>11-03-2026 | 90-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर की विधान सभा क्षेत्र चाँदपुर के ग्राम रसूलपुर नंगला से लेनपुरी शेखपुरी चौहड मार्ग से जटौला जाने वाले खड़न्जा मार्ग से आम-जनमानस को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का डामरीकरण कराये जाने की योजना पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | पंचायती राज<br>(02-मंगलवार के अतारां0प्र0सं0-02 के अन्तर्गत स्थानान्तरित) |
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>11-03-2026 | 91-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर की विधान सभा क्षेत्र चाँदपुर के ग्राम चौधेडी से महमूदपुर तक का मार्ग कच्चा होने के कारण आम-जनमानस को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का डामरीकरण कराये जाने की योजना पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | लोक निर्माण-9 |
| श्री श्याम सुन्दर<br>11-03-2026 | 92-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र बछरावां में डेपारमऊ-दसवन्तपुर मार्ग से बरीबरा व पूरे कूटी मजरे मऊ से ठाकुरपुर मजरे कैड़ावा तक लगभग 2 किमी0 सड़क का नव-निर्माण कराने का कार्य सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो | लोक निर्माण-9 |

कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री श्याम सुन्दर<br>11-03-2026 | 93-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र बछरावां में पूरे अलहदी मजरे मऊ से पूरे नायब मजरे कैड़ावा तक लगभग 2 किलोमीटर सड़क जर्जर होने के कारण आवागमन में आम-जन को असुविधा हो रही है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का नव-निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-9 |
| श्री श्याम सुन्दर<br>11-03-2026 | 94-क्या मुख्य मंत्री बताने कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र बछरावां में महराजगंज-इन्हौना मार्ग के कटरा कैर चौराहे से गंज होते हुए कोडरी मजरे मोड़ तक लगभग 2 किलोमीटर जर्जर होने के कारण आम-जन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त सड़क का नव-निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | लोक निर्माण-9 |
| श्री श्याम सुन्दर<br>11-03-2026 | 95-क्या मुख्य मंत्री बताने कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र बछरावां में कुशमहुरा रोड से बालीपुर होते हुए कठींगर मजरे मुरैनी तक लगभग 2 किलोमीटर जर्जर होने के कारण आम-जन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त सड़क का नव-निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | लोक निर्माण-9 |
| श्री अनिल प्रधान<br>11-03-2026 | 96- विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।<br>------ | |
| श्री रामखिलाड़ी सिंह<br>11-03-2026 | 97-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सम्भल के विधान सभा क्षेत्र गुन्नौर के अन्तर्गत ग्राम मड़कावली के आस-पास 70 ग्रामों की विद्युत आपूर्ति 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र जरीफनगर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड जनपद बदायूँ से की जा रही है, जिससे बदायूँ से जुड़े ग्रामों को बिजली मिल रही है, किन्तु | ऊर्जा-1 |

| | | |
|---|---|---|
| | जनपद सम्भल ग्राम मड़कावली के क्षेत्र को बिजली नहीं मिल रही है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विषय को ध्यान में रखते हुए विधान सभा क्षेत्र गुन्नौर के अन्तर्गत मड़कावली ग्राम में 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र बनाने का कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| श्री अखिलेश<br>11-03-2026 | 98-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर के जहानागंज दौलताबाद सम्पर्क रोड से ग्राम सभा धरमपुर सम्पर्क मार्ग क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| | ------ | |
| डॉ0 संग्राम यादव<br>11-03-2026 | 99-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र लखनऊ पश्चिम के वार्ड हैदरगंज-03 के अन्तर्गत मोहल्ला मुन्नूखेड़ा (कुल्हरकट्टा), सदरौना रोड के प्राथमिक विद्यालय धनहरखेड़ा के सामने से श्रीमती नीता तिवारी पत्नी कृष्ण कुमार के घर तक नाली व सी0सी0 मार्ग बनाए जाने के सम्बन्ध में नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ के पत्र दिनांक 17-11-2025 में आंकलित व्ययानुमान रुपया 80.55 लाख तैयार किया गया है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मार्ग हेतु वित्तीय संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुये नाली व सी0सी0 मार्ग का निर्माण कराये जाने की समय-सीमा निर्धारित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |
| | ------ | |
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान<br>11-03-2026 | 100-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला मुरादाबाद में ग्राम पंचायत रुस्तम नगर सहसपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने का प्रस्ताव सरकार के समक्ष विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में ग्राम पंचायत रुस्तम नगर सहसपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री समरपाल सिंह<br>11-03-2026 | 101-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के पुलवामा शहीद अमित कोरी मार्ग/शामली से मंसूरपुर वाया भोरा कला मार्ग के दोनों तरफ रोड सेफ्टी के मानकों के अनुसार सफेद पट्टी धुंधली/क्षतिग्रस्त है ? क्या सरकार रोड सेफ्टी के मानकों के अनुसार उक्त मार्ग में सफेद पट्टी बनवायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-12 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री समरपाल सिंह<br>11-03-2026 | 102-विधान सभा के प्रथम सत्र, 2026 के प्रथम बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-199 के उत्तर के क्रम में क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के झिंझाना से वाया ऊन होते हुए थानाभवन तक जाने वाले सड़क मार्ग के निर्माण समयान्तर्गत पूर्ण न किये जाने के कारण मे0 रवि कन्सट्रक्शन मुजफ्फरनगर को एक वर्ष हेतु डिबार करते हुए अनुबन्ध के अन्तिमीकरण के पश्चात् नई निविदा किस फर्म को प्राप्त हुई है ? सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कब तक पूर्ण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-7 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री दुर्गा प्रसाद यादव<br>11-03-2026 | 103-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के हीरापट्टी में मेन रोड से प्रभात सिंह के घर से होते हुए ब्रह्म स्थान तक रोड जर्जर होने के कारण आम-जन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का नव-निर्माण कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>11-03-2026 | 104-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र नसीरपुर कट से बटेश्वर तक मार्ग का चौड़ीकरण प्रस्तावित है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मार्ग के आगे का मार्ग नसीरपुर कट से शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन मार्ग जो अत्यन्त ही व्यस्ततम एकल मार्ग है, पर आयेदिन पशुओं व वाहनों से दुर्घटना घटित होती रहती है ? क्या सरकार उक्त शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन तक का मार्ग चौड़ीकरण कराये जाने हेतु कार्य योजना में सम्मिलित कराते हुये चौड़ीकरण कराये जाने पर विचार | लोक निर्माण-1 |

| | | |
|---|---|---|
| | करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री सर्वेश सिंह<br>11-03-2026 | 105-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में ब्लॉक मदनपुर के अन्तर्गत नसीरपुन्छा मार्ग (पटना कर्खा) से फतेहपुर-नसीरपुर व आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस के अण्डरपास से होते हुये गुढ़ा-गढ़सान मार्ग तक मार्ग लगभग 05 किमी0 लम्बा एव सँकरा मार्ग है, जिससे आयेदिन दुर्घटना घटित होती रहती है ? क्या सरकार जनहित में उक्त मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने हेतु कोई कार्यवाही करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ?<br>------ | लोक निर्माण-11 |
| श्री सर्वेश सिंह<br>11-03-2026 | 106- विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।<br>------ | |
| श्री सर्वेश सिंह<br>11-03-2026 | 107-क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विगत चार वर्ष में विशेष कार्यक्रम चलाकर वर्षवार कुल कितने पौधे रोपित किए गए एवं उक्त पौधों में से वर्तमान में कुल कितने पौधे/वृक्ष जीवित हैं ? क्या सरकार जनपदवार रोपे गये पौधों तथा उक्त वृक्षारोपण के कार्यक्रम पर व्यय की गई धनराशि का वर्षवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-5 |
| श्री सर्वेश सिंह<br>11-03-2026 | 108-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद की विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में नगर सृजित योजना एवं नगर सुदृढ़ीकरण योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 व 2025-26 में कितने कार्य कराये गये ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-2 |
| श्री दुर्गा प्रसाद यादव<br>11-03-2026 | 109-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ में मुकेरीगंज में अशोक मौर्य के घर से तारिक के घर से होते हुए मस्जिद के पास तक रोड क्षतिग्रस्त होने के कारण आम-जन को आवागमन में | नगर विकास-6 |

असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में इण्टरलॉकिंग एवं नाली का निर्माण कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री दुर्गा प्रसाद यादव
11-03-2026

110-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ में मोहल्ला कुंदिगढ़ में श्री राजेश शर्मा के मकान से गाजी दलेल का कब्रिस्तान होते हुए बन्धा बाईपास होते हुए रेगुलेटर के पास तक रोड क्षतिग्रस्त है तथा उक्त क्षेत्र में 550 मी0 पक्की सड़क एवं नाली न होने के कारण आम-जन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में पक्की सड़क व नाली का निर्माण कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-6

------

श्री दुर्गा प्रसाद यादव
11-03-2026

111-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ में मोहल्ला कुंदिगढ़ मलिन बस्ती में श्री गणेश राम के मकान से श्री सुनील सेठ के मकान होते हुए पदुम विश्वकर्मा के मकान तक के पास तक रास्ता क्षतिग्रस्त होने के कारण आम-जन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में पक्की सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-6

------

श्री दुर्गा प्रसाद यादव
11-03-2026

112-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ में शहर के अन्दर आराजीबाग होते हुए जोधिकापुरा से बिलरियागंज चुंगी तक सड़क बहुत ही क्षतिग्रस्त है, जिससे जनमानस को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त सड़क के जीर्णोद्धार का कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-6

श्री प्रसन्न कुमार
11-03-2026

113-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र सरोजनीनगर में मेजर पुष्पेन्द्र नगर संस्कार रेजीडेन्सी में श्री राजेश सिंह चौहान के घर से श्री शैलेश सिंह के घर तक सड़क व नाली का

नगर विकास-7

निर्माण न होने के कारण क्षेत्र के निवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में मार्ग एवं नाली का निर्माण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>11-03-2026 | 114-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के जानकीपुरम स्थित सहारा ग्रेस अपार्टमेंट गेट से जानकीपुरम गार्डन की ओर जाने वाली मुख्य सड़क के मध्य स्थित कतिपय विद्युत पोलों के कारण सड़क का चौड़ीकरण बाधित है तथा नागरिकों को आवागमन में असुविधा हो रही है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्युत पोल हटाए जाने की कार्यवाही करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>11-03-2026 | 115-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के डालीगंज के मौसमबाग रामलीला स्थल के पीछे से गुजर रहा बड़ा नाला जर्जर व अतिक्रमण से युक्त है तथा इक्का स्टैंड से डालीगंज बाजार जाने वाली सड़क के बायीं ओर नाला खुला हुआ है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार प्रश्नगत नाले से अवैध अतिक्रमण हटाकर आर0सी0सी0 रिटेनिंगवॉल का निर्माण कराने एवं नाले को ढकने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>11-03-2026 | 116-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ के मड़ियांव गाँव स्थित तालाब के सौन्दर्यीकरण का कार्य विगत लगभग आठ वर्षों से लम्बित है तथा तालाब पर अवैध अतिक्रमण भी विद्यमान है ? क्या सरकार अतिक्रमण हटाकर सौन्दर्यीकरण कार्य पूर्ण कराने एवं कार्य में उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |
| डॉ0 नीरज बोरा<br>11-03-2026 | 117-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ में पक्का पुल से मड़ियांव तक की सड़क जो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 वर्तमान में राज्य लोक निर्माण विभाग के अधीन हो गयी है ? यदि हाँ, तो क्या लखनऊ विकास प्राधिकरण | आवास एवं शहरी नियोजन-3 |

| | | |
|---|---|---|
| | द्वारा राज्य लोक निर्माण विभाग की सड़क से 45 मीटर पर स्थित भूमि पर भवन निर्माण का मानचित्र स्वीकृत किया जाना आरम्भ करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>11-03-2026 | 118-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कौशाम्बी के नगर पालिका परिषद् मंझनपुर के असकरनपुर मंगरोहनी में राजेन्द्र खरे की बाग से रजत खरे के मकान तक स्ट्रीट लाइट लगा दी गई है ? यदि नहीं, तो उक्त के क्या कारण हैं ? क्या सरकार रजत खरे के मकान तक स्ट्रीट लाइट लगवायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? | नगर विकास-6 |
| | ------ | |
| श्री मनीष असीजा<br>11-03-2026 | 119- मा0 न्यायालय के विचाराधीन होने के कारण निरस्त। | |
| | ------ | |
| श्री मनीष असीजा<br>11-03-2026 | 120-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के वर्तमान में तैनात अधिशासी अभियन्ता के भ्रष्ट आचरण एवं विकास कार्यों में की जा रही लापरवाही के सम्बन्ध में जांच कराने हेतु प्रश्नकर्ता का मुख्य मंत्री एवं प्रमुख सचिव, श्रम विभाग को प्रेषित पत्रांक क्रमशः क-7 न0-111786 एवं क-7 न0-358707, दिनांक 15-12-2025 प्रात हुये हैं ? यदि हाँ, तो उक्त पर अब तक क्या कार्रवाई हुई है ? विवरण देने का कष्ट करें ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-13 |
| | ------ | |
| श्री मनीष असीजा<br>11-03-2026 | 121-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर निगम फिरोजाबाद में मुहम्मदगंज से गुजरने वाले सर्कुलर रोड मुख्य नाले का नादिर एण्ड क0 कारखाने से सटा हुआ भाग विगत 7-8 वर्षों से क्षतिग्रस्त है ? क्या सरकार के संज्ञान में है कि उक्त के कारण जल निकासी का प्रवाह अवरुद्ध होता है ? क्या सरकार उक्त नाले के इस ध्वस्त भाग का पुनः निर्माण कराए जाने का कार्य करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |
| | ------ | |
| श्री मनीष असीजा | 122-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद | आवास एवं शहरी |

| | | |
|---|---|---|
| 11-03-2026 | फिरोजाबाद में ग्राम उसायनी में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास पूर्णतः तैयार हो गए हैं ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आवास लाभार्थियों को सौंपे जाने हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नियोजन-9 |
| | ------ | |
| श्री मनीष असीजा<br>11-03-2026 | 123-क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में ग्राम रपड़ी में स्थित रपड़ी इको टूरिज्म के अवस्थापना उन्नयन के लिए नए विकास कार्य कराए जाने पर विचार सरकार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-4 |
| | ------ | |
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>11-03-2026 | 124-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चन्दौली के विधान सभा क्षेत्र सकलडीहा के सुदूर गांवों और मुख्य चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था हेतु सोलर लाइट लगाने का क्या लक्ष्य निर्धारित है ? क्या सरकार उन गांवों को प्राथमिकता देगी, जहां अभी तक स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नगण्य है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत (अधि0) |
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>11-03-2026 | 125-बहुत ब्योरे की जानकारी के आधार पर निरस्त।<br>------ | |
| श्री जय कुमार सिंह जैकी<br>11-03-2026 | 126-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ से जनपद फतेहपुर, बाँदा एवं बुन्देलखण्ड जाने हेतु दो मार्गों वाया कानपुर तथा वाया बछरावाँ एवं लालगंज मार्गों में लगने वाले ट्रैफिक जाम एवं ट्रैफिक लोड को कम करने के दृष्टिगत लखनऊ-मोहनलालगंज से वाया चन्द्रिका देवी बक्सर, बिन्दकी, ललौली होते हुए बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे तक फोर लेन सड़क के निर्माण कराने हेतु पी0सी0यू0 के निर्धारित मानकों में शिथिलीकरण प्रदान करते हुए निर्माण करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-12 |
| | ------ | |
| श्री जय कुमार सिंह जैकी<br>11-03-2026 | 127-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर के विधान सभा क्षेत्र बिन्दकी के अन्तर्गत भगवन्तपुर से धारूपुर तक (दूरी-2.5 किमी0), जोनिहा मार्ग से धारूपुर | लोक निर्माण-9 |

तक (दूरी-1.5 किमी0), सकत हिम्मतपुर (जूनि0 हाई स्कूल) से अस्ता तक (दूरी-1.5 किमी0), रावतपुर रोड से बैजानी होते हुए भगवन्तपुर तक (दूरी-4 किमी0), लालपुर से गौशाला होते हुए बैजानी तक (दूरी-1 किमी0), धारूपुर से केशवपुर तक (दूरी-2.5 किमी0), जर्जर होने के कारण आम-जन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त मार्गों हेतु वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाते हुए निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री प्रभु नारायण सिंह यादव
11-03-2026

128-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र सरोजनीनगर के अन्तर्गत सुभानीखेड़ा से मौहरी बाग होते हुए घुसियाना मार्ग तक सड़क अत्यन्त संकीर्ण होने तथा सघन जनसंख्या वाले क्षेत्र में वाहनों के दबाव के कारण आम-जनमानस को आवागमन में हो रही असुविधा से सरकार अवगत है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित को दृष्टिगत रखते हुए उक्त मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य कराने पर विचार करेगी ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि मौहारीबाग मस्जिद से खान मार्केट तक के मार्ग पर स्थित खुले एवं गहरे नाले, जिससे जनहानि एवं दुर्घटना की आशंका सदैव बनी रहती है, को ढकवाने का कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-7

------

श्री जवाहर लाल राजपूत
11-03-2026

129-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झाँसी के गुरसरांय तथा गरौठा में पेयजल पुनर्गठन योजना संचालित है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार गुरसरांय, गरौठा नगरों में आम लोगों को 2026 के गर्मियों के मौसम में पेयजल सुचारु रूप से उपलब्ध कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-5

------

श्री जवाहर लाल राजपूत
11-03-2026

130-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के गरौठा विधान सभा क्षेत्र में गरौठा, मारकुआँ, चौथामील, गुरसरांय, ककरवई, खड़ैनी, कुरैठा एवं बामौर आदि क्षेत्रों में किसानों को सिंचाई हेतु नलकूपों में लो-वोल्टेज

ऊर्जा-3

की सप्लाई होने के कारण विद्युत मोटरें नहीं चल पाती हैं ? यदि हाँ, तो उक्त लो-वोल्टेज की समस्या के निराकरण हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>11-03-2026 | 131-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के गरौठा विधान सभा क्षेत्र में जर्जर/खराब सड़कों का पुनर्निर्माण/विशेष मरम्मत/मरम्मत/गड्ढामुक्त/सुदृढ़ीकरण कराये जाने विषयक प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग को सम्बोधित प्रश्नकर्ता का पत्रांक क-7 नं0-568016, दिनांक 11-03-2025, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| श्री नाहिद हसन<br>11-03-2026 | 132-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली में तीतरवाड़ा से मामौर तक लगभग 02 किलोमीटर लम्बे मार्ग पर जलभराव होने से स्थानीय नागरिकों, किसानों, स्कूली बच्चों एवं आपातकालीन सेवाओं को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उपरोक्त मार्ग के जल निकासी हेतु नाला निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री शहजिल इस्लाम अंसारी<br>11-03-2026 | 133-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर क्षेत्र में निजी भूमि पर बिना अनुमति अथवा बिना नक्शा पास कराए बने भवन हाने से भवन स्वामियों को होने वाली आर्थिक हानि से सरकार परिचित है ? यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे मामलों में शमन शुल्क वसूल कर भवन स्वामियों को अनावश्यक नुकसान से बचाना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-8 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री शहजिल इस्लाम अंसारी<br>11-03-2026 | 134-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिनियम, 2016 की भावना के अनुरूप नगर विकास, परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा महानगरों में चलाई जा रही यलो इलेक्ट्रीसिटी राजकीय बस सेवा में दिव्यांगजनों को किराए में छूट नहीं देने से सरकार परिचित है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार महानगरों में चलाई | नगर विकास-7 |

| | | |
|---|---|---|
| | जा रही यलो इलेक्ट्रीसिटी राजकीय बस सेवा में दिव्यांगजनों को किराए में छूट देने की योजना बनाएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| श्रीमती नसीम सोलंकी<br>11-03-2026 | 135-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन0सी0आर0) की तर्ज़ पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और आस-पास के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए राज्य राजधानी क्षेत्र (एस0सी0आर0) विकसित करने की कोई योजना सरकार ने बनाई है ? यदि हाँ, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-3 |
| | ------ | |
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>11-03-2026 | 136-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र सरोजनीनगर के अन्तर्गत तेलीबाग में चन्द्रा विहार खरिका सर्वांगीण विकास पब्लिक इण्टर कॉलेज से श्रीमती सुशीला सिंह पत्नी श्री अखिलेश कुमार सिंह के यहां तक स्ट्रीट लाइट न होने से रात्रि में आवागमन में अत्यधिक कठिनायों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>12-03-2026 | 137- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>12-03-2026 | 138- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>12-03-2026 | 139- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>12-03-2026 | 140- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई 12-03-2026 | 141- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल 12-03-2026 | 142-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के ग्राम पंचायत दुधैला के दलित बस्ती के सामने जमुना ड्रेन पर आवागमन के लिए पक्का पुल का निर्माण सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल 12-03-2026 | 143-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में लाइनमैन या अन्य विद्युत कर्मियों की करंट लगने से मौत होने पर उनके आश्रितों को कितना मुआवजा दिये जाने का क्या प्राविधान है ? क्या सरकार विद्युत कर्मियों का स्थायी बीमा कराने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मोहम्मद हसन रूमी 12-03-2026 | 144-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कानपुर मेट्रो के प्रथम चरण (आई0आई0टी0 से मोतीझील) में यात्रियों की संख्या अनुमानित लक्ष्य से काफी कम (लगभग 8000-10000 प्रतिदिन) है ? क्या सरकार मेट्रो निर्माण के कारण जी0टी0 रोड और अन्य प्रमुख चौराहों पर लगने वाले भीषण जाम से निपटने के लिए कोई वैकल्पिक ''ट्रैफिक रिरूटिंग'' योजना प्रभावी रूप से लागू की गई है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-7 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मोहम्मद हसन रूमी 12-03-2026 | 145-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कानपुर के पनकी और दादा नगर औद्योगिक क्षेत्रों में वायु और जल प्रदूषण के स्तर की निगरानी के लिए कितने ''रियल-टाइम मॉनिटरिंग स्टेशन'' क्रियाशील हैं ? क्या सरकार की जानकारी में है कि यहां की औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले कचरे के कारण आस-पास के गांवों का भूजल ''पीला और जहरीला'' हो गया है ? यदि हां, तो सरकार ने उक्त के निराकरण के लिए क्या उपाय किये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |
| श्री मौहम्मद फहीम | 146-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि | ग्राम्य विकास |

| | | |
|---|---|---|
| इरफान<br>12-03-2026 | जनपद मुरादाबाद के तहसील बिलारी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ग्वारखेड़ा के मुख्य प्रवेश मार्ग पर हो रहे जल भराव के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में उक्त जल भराव की समस्या का निराकरण सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | (02-मंगलवार के अतारां0प्र0सं0-03 के अन्तर्गत स्थानान्तरित) |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती नसीम सोलंकी<br>12-03-2026 | 147-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विगत 5 वर्षों में कितने सफाई कर्मियों की मौत सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई करने में हुई है ? क्या सरकार किसी निश्चित अवधि तक तकनीक आधारित उपकरणों से सफाई कराना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>12-03-2026 | 148-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 का कुछ हिस्सा, जो पक्का पुल/हार्डिंग ब्रिज से आरम्भ होता है, वर्तमान में राज्य लोक निर्माण विभाग के अधीन हो गया है ? यदि हां, तो उक्त से सम्बन्धित आदेश का विवरण क्या है ? क्या सरकार राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा अपने अधीन लिए गये प्रश्नगत मार्ग से सम्बन्धित जीर्णोद्धार आदि कार्य कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>12-03-2026 | 149-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ विकास प्राधिकरण की जानकीपुरम योजना, विद्युत की हाइटेंशन लाइन हटाये बिना बना दी गई थी तथा वर्तमान में जानकीपुरम सेक्टर-एफ स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज विद्युत उपकेन्द्र से निकलने वाली हाईटेंशन विद्युत लाइन भवनों एवं लक्ष्मण गौशाला के ऊपर से गुजर रही है ? यदि हाँ, तो क्षेत्रवासियों की जन-धन हानि की सम्भावित आशंका को दृष्टिगत रखते हुए उक्त हाईटेंशन लाइन को भूमिगत अथवा अन्यत्र शिफ्ट करने का व्यय भार लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा वहन किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-9 |
| डॉ0 नीरज बोरा | 150-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद | ऊर्जा-3 |

12-03-2026 लखनऊ के जानकीपुरम सेक्टर-एफ स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज विद्युत उपकेन्द्र से निकलने वाली हाईटेंशन विद्युत लाइन भवनों एवं लक्ष्मण गौशाला के ऊपर से गुजर रही है तथा उक्त हाईटेंशन लाइन को अन्यत्र स्थानान्तरित किए जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता द्वारा प्रबन्ध निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को प्रेषित पत्रांक क-6 नं0 256883, दिनांक 21-09-2018 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री शहजिल इस्लाम अंसारी
12-03-2026

151- विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।

------

श्री शहजिल इस्लाम अंसारी
12-03-2026

152- विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।

------

डॉ0 नीरज बोरा
12-03-2026

153-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ के पहाड़पुर ग्राम, जो वर्तमान में लखनऊ विकास प्राधिकरण के जानकीपुरम सेक्टर-जे योजना के अन्तर्गत आता है, वहां स्थित श्मशान भूमि से सम्बन्धित विवाद का अब तक समाधान नहीं किया जा सका है ? क्या सरकार द्वारा उक्त विवाद के स्थायी समाधान हेतु कोई ठोस कार्य योजना निर्धारित की गई है ? यदि हाँ, तो उसकी समय-सीमा क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

आवास एवं शहरी नियोजन-9

डॉ0 नीरज बोरा
12-03-2026

154-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ उत्तर क्षेत्र अन्तर्गत नगर निगम लखनऊ के दाउदनगर की खसरा संख्या-319 आबादी के मध्य स्थित है तथा उक्त भूमि पर विगत कई दशकों से परम्परागत रूप से रामलीला का आयोजन किया जाता रहा है ? क्या सरकार उक्त रिक्त भूमि को जनभावनाओं एवं सांस्कृतिक आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए रामलीला पार्क के रूप में विकसित किए जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-7

------

इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई
14-03-2026

155- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया।

------

श्री जवाहर लाल राजपूत
12-03-2026

156-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की भांति उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के कर्मचारियों को समस्त चिकित्सालय/नर्सिंग होम्स/मेडिकल सेण्टर आदि में इलाज कराने पर निर्धारित दर पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति की जाती है ? यदि नहीं, तो उक्त के क्या कारण है ? क्या सरकार कार्यालय ज्ञाप सं0 2528-औ0सं0/2012-11(4) एफ/86 (टी0सी0-2010), दिनांक 22 अगस्त, 2012 निरस्त कर 70% प्रतिपूर्ति के स्थान पर 100% करते हुए नया कार्यालय ज्ञाप जारी करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-2

------

श्री आशु मलिक
12-03-2026

157-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सहारनपुर के नगर निगम में विस्तारित 32 गाँव तथा आउटर कॉलोनियों में अमृत योजना 1.0 के अन्तर्गत कराये गये सीवर पम्पिंग स्टेशन, नलकूप वितरण प्रणाली तथा भूमिगत पेयजल पाइप लाइन का निर्माण के बाद भी उक्त क्षेत्र के निवासियों की मूलभूत आवश्यकताएँ पूर्ण नहीं हो पा रही हैं ? क्या सरकार इन कार्यों का पुनः सर्वे तथा जाँच स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में कराकर कार्य के गुणवत्ता की जाँच रिपोर्ट सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-5

------

श्री आशु मलिक
12-03-2026

158-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-क-7 नं0 527053, जो कि मुख्य मंत्री को सम्बोधित है तथा विधान सभा क्षेत्र सहारनपुर देहात के अन्तर्गत नगर निगम, सहारनपुर क्षेत्र में जल निकासी हेतु पत्र में वर्णित स्थानों पर सी0सी0 नाले के निर्माण से सम्बन्धित है, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-7

------

श्री विनोद सरोज

159-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि

नगरीय रोजगार एवं

| | | |
|---|---|---|
| 12-03-2026 | प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या : ख-7 न0 55249, दिनांक 11-02-2026 जो कि जनपद प्रतापगढ़ अन्तर्गत नगर पंचायत कुण्डा में बिहार मार्ग पर नव जीवन हास्पिटल से तिलौरी सद्दू का पुरवा तक सी0सी0 मार्ग (लम्बाई 300 मी0 x 5 मी0) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के विषयक था, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत 12-03-2026 | 160-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किसानों को रबी फसल में सिंचाई हेतु अस्थायी विद्युत कनेक्शन दिये जाते हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त की भांति खरीफ फसल की सिंचाई हेतु भी अस्थायी विद्युत कनेक्शन देने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान 12-03-2026 | 161-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के विकास खण्ड कर्वी में ग्राम रौली से ग्राम पतौडा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य सरकार कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| श्री अनिल प्रधान 12-03-2026 | 162-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के ग्राम पंचायत घुरेटनपुर के मजरा बगैहा में रामस्वरूप के पुरवा में विद्युतीकरण न होने के कारण आमजन को असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त में विद्युतीकरण का कार्य कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अतुल प्रधान 13-03-2026 | 163-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में निरन्तर बढ़ रही आबादी को दृष्टिगत रखते हुए आबादी के मध्य में आ रही विद्युत लाइनों को सरकार शिफ्ट कराने की कार्य योजना बनायेगी ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल 13-03-2026 | 164-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के रामगढ़ से बलिहार होकर नवकागांव तक जाने वाला मार्ग जर्जर होने के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाई हो रही है ? क्या | लोक निर्माण-1 |

सरकार उक्त मार्ग का नव निर्माण कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>13-03-2026 | 165-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के रामगढ़ से बलिहार होकर नवकागांव आने वाले मार्ग पर बलिहार गांव स्थित पुलिया जर्जर होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त स्थान पर नई पुलिया बनाने हेतु धन आवंटन करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-11 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>13-03-2026 | 166-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के समरथपाह से मिल्की दुधैला होकर छोटकी बेलहरी तक जाने वाली सड़क जर्जर व गढ्ढायुक्त होने के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>13-03-2026 | 167-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया में दुर्जनपुर चट्टी से हनुमानगंज होकर देवपुर रेगुलेटर तक जाने वाला मार्ग जर्जर होने के कारण क्षेत्रीय जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का चौड़ीकरण कराकर निर्माण कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 नीरज बोरा<br>13-03-2026 | 168-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ के फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड अन्तर्गत रहीम नगर डुडौली के खसरा संख्या-206 में स्थित अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण हेतु शासन के पत्र संख्या-1629/नौ-7-2025-26(ज)/2020टी0सी0, नगर विकास अनुभाग-7, दिनांक 20 अगस्त, 2025 के क्रम में नगर निगम, लखनऊ द्वारा सुसंगत प्रस्ताव शासन को उपलब्ध करा दिया गया है ? यदि हाँ, तो प्रश्नगत कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ? क्या | नगर विकास-7 |

| | | |
|---|---|---|
| | सरकार उक्त प्रश्नगत कार्य आरम्भ कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| डॉ0 नीरज बोरा<br>13-03-2026 | 169-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ के फैजुल्लागंज क्षेत्र में जल निकासी हेतु 9.4 किमी0 लम्बा नाला का निर्माण का कार्य अत्यन्त धीमी गति से, गुणवत्ताविहीन और मानकों के विपरीत किया जा रहा है ? क्या सरकार उक्त निर्माण कार्यों का गुणवत्ता परीक्षण कराने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-5 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>13-03-2026 | 170- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| डॉ0 नीरज बोरा<br>13-03-2026 | 171-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मुख्य मंत्री हरित सड़क अवसंरचना विकास शहरी (सीएम ग्रिड) योजना के अन्तर्गत लखनऊ के कपूरथला क्षेत्र में कतिपय निर्माण कराया जा रहा है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार के संज्ञान में है कि प्रश्नगत क्षेत्र में कार्य गुणवत्ताविहीन और मानकों के विपरीत किया जा रहा है ? क्या सरकार निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परीक्षण कराने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>13-03-2026 | 172- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>13-03-2026 | 173- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>13-03-2026 | 174- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई | 175- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |

13-03-2026

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>13-03-2026 | 176-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के विधान सभा क्षेत्र चरखारी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जैतपुर बेलाताल को सरकार नगर पंचायत घोषित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 संग्राम यादव<br>13-03-2026 | 177-क्या वित्त मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के अधिकारियों/कर्मचारियों को नगर प्रतिकर भत्ता पूर्व में दिया जाता था ? यदि हां, तो क्या सरकार को जानकारी है कि कोरोना काल में उक्त नगर प्रतिकर भत्ता बन्द कर दिया गया था ? यदि हां, तो क्या सरकार अधिकारियों/कर्मचारियों को पूर्व की भांति नगर प्रतिकर भत्ता बहाल करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वित्त (सामान्य)-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मोहम्मद हसन 'रूमी'<br>13-03-2026 | 178-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर निगम, कानपुर द्वारा अजीत गंज प्रथम स्थित ब्लॉक संख्या 20 कॉलोनी नं0 02, 03 व 12 प्राथमिक विद्यालय हेतु और ब्लॉक संख्या 19 कॉलोनी नं0 02 कार्यालय हेतु कानपुर विकास प्राधिकरण से किस वर्ष और किन शर्तों पर आवंटित कराई गई थी और उक्त आवंटित सम्पत्तियों का के0डी0ए0 को देय कुल बकाया किराया ब्याज सहित वर्तमान में कितना है ? क्या सरकार की जानकारी में है कि उक्त भवन वर्तमान में जर्जर स्थिति में हैं, जहाँ कोई भी शैक्षणिक या विभागीय गतिविधि संचालित नहीं हो रही है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार निष्प्रयोज्य सम्पत्ति को के0डी0ए0 को एन0ओ0सी0 जारी कर कब्जा हस्तान्तरित करेगी जिससे इन स्थलों को असामाजिक तत्वों और गंदगी से मुक्त कराकर जनहित में उपयोग किया जा सके ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-9 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान<br>13-03-2026 | 179-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-मुरादाबाद के अन्तर्गत नगर-बिलारी की सीमा में बाहर से आने वाले लोगों के लिए विगत तीन वर्षों के दौरान कितने सार्वजनिक शौचालय बनाए गए हैं ? क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में नगर बिलारी के विभिन्न बाजारों | नगर विकास-2 |

| | | |
|---|---|---|
| | एवं चौराहों पर सार्वजनिक शौचालय बनवाना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान<br>13-03-2026 | 180-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद के ब्लॉक मूंडापांडे क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बिकनपुर के रास्ते पर सरकार द्वारा पुल बनाने की योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल को बनाने हेतु स्वीकृत एवं जारी बजट तथा निर्माण हेतु समय-सीमा से सदन को अवगत कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>13-03-2026 | 181-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ की विधान सभा क्षेत्र सरोजनीनगर के अन्तर्गत सुभानीखेड़ा से घुसियाना मार्ग पर टूटे गटर के मैनहोल और क्षतिग्रस्त नालियों के कारण उत्पन्न जलभराव व दुर्घटनाओं की समस्या से सरकार परिचित है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग पर नाली व गटर मैन होल का मरम्मत का कार्य कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |
| श्री अनिल प्रधान<br>13-03-2026 | 182-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) चित्रकूट द्वारा सड़क निर्माण के सम्बन्ध में प्रस्ताव मांगे गए थे जिस पर प्रश्नकर्ता द्वारा पत्रांक संख्या DD/07/1814/03, दिनांक 8 जुलाई, 2025 को प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है लेकिन उक्त कार्य की स्वीकृति नहीं प्रदान की गई ? क्या सरकार कार्य के अस्वीकृति के कारणों को स्पष्ट करते हुए विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम अनुभाग |
| श्री अनिल प्रधान<br>13-03-2026 | 183-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के विकास खण्ड कर्वी ग्राम पंचायत मैंनहाई माफी में खेरापति से धर्मपाल आरख के घर तक विद्युतीकरण का कार्य सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>14-03-2026 | 184-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के श्रीपालपुर के सामने | लोक निर्माण-6 |

बी0एस0टी0 बंधे के किनारे नाला पर पुल न होने के कारण किसानों को अपनी उपजाऊ फसल की देखभाल के लिए खेतों में जाने के दौरान कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त स्थान पर पक्का पुल बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री मोहम्मद हसन रूमी
14-03-2026

185-क्या स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के कोषागारों में स्टाम्प रिफण्ड के कुल कितने आवेदन लंबित हैं और उनमें से 6 माह से अधिक पुराने लम्बित मामलों का जिलावार विवरण क्या है ? क्या सरकार की जानकारी में है कि रिफण्ड की जटिल प्रक्रिया के कारण आम नागरिकों का करोड़ों रुपया विभाग में लम्बित है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार रिफण्ड की प्रक्रिया को ऑनलाइन और समयबद्ध बनाने हेतु कोई नया पोर्टल शुरू करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन-2

------

श्री स्वामी ओउ्मवेश
14-03-2026

186-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के गन्ना किसानों को लाभकारी मूल्य प्राप्त हो इसके लिए किसानों का गन्ना सेन्टर पर भी शुगर मिल गेट वाला मूल्य देने की योजना पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

चीनी उद्योग-3

------

श्री स्वामी ओउ्मवेश
14-03-2026

187- अस्पष्टता के आधार पर निरस्त।

------

श्री स्वामी ओउ्मवेश
14-03-2026

188- विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।

------

श्री मौहम्मद फहीम इरफान
14-03-2026

189-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद की कांठ तहसील क्षेत्र के ग्राम दरियापुर को सड़क मार्ग से जोड़ने वाला पुल बन जाने के बावजूद भी आवागमन शुरू न होने से सरकार परिचित है ? यदि हां तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में उक्त पुल से आवागमन सुचारु करना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-9

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>14-03-2026 | 190-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या ग-7 नं0 40300, दिनांक 07-02-2026 तथा क-7 नं0 350105, दिनांक 12-03-2026 जो कि कतिपय क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने विषयक है, प्राप्त हुए हैं ? यदि हां, तो उक्त पत्रों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-5 |
| | ------ | |
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>14-03-2026 | 191-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के ब्लाक व तहसील-फूलपुर में ग्राम पुरानाजिर एवं ग्राम-चमावा के बीच कुँवर नदी पर पक्का पुल न होने के कारण ग्राम-सिंगारपुर, भड़ेरिया, मुण्डवर, हेमईपुर, अंजानसहीद, ईशापुर, बैसानूरम, बैसाडीह डिघिया भेड़िया, दुलारपुरा, सूदन्नीपुर, इटकोहिया आदि गांव के लोगों को आने-जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त स्थान पर पक्का पुल का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>14-03-2026 | 192- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>14-03-2026 | 193- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>14-03-2026 | 194- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>14-03-2026 | 195- सदन की सेवा से निलम्बित होने के कारण हटाया गया। | |
| | ------ | |
| श्री समरपाल सिंह<br>15-03-2026 | 196-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली की नगर पालिका शामली को वित्तीय वर्ष 2024-25 में कितना बजट प्राप्त हुआ तथा नगर पालिका शामली द्वारा कितना खर्च किया | नगर विकास-2 |

गया ? क्या सरकार खर्च किये गये बजट का मदवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री समरपाल सिंह
15-03-2026

197-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली की नगर पालिका शामली में कुल कितने फर्मों/कम्पनियों का पंजीकरण है एवं विगत 4 वर्षों में कितने फर्मों/कम्पनियों का पंजीकरण हुआ तथा सभी पंजीकृत फर्मों/कम्पनियों का पंजीकरण का नाम एवं उनके मालिकों/प्रोपराइटरों का नाम क्या है और किस फर्म/कम्पनी का पंजीकरण किस कार्य हेतु किया गया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-2

------

श्री समरपाल सिंह
15-03-2026

198-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली की नगर पालिका शामली में वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 में कुल कितने कार्यों के प्रस्ताव पास हुए एवं उक्त प्रस्तावों की धनराशि मदवार कितनी-कितनी थी तथा किस फर्म/कम्पनी द्वारा कौन-कौन से कार्य किये गये हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-2

------

श्री समरपाल सिंह
15-03-2026

199-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के ग्राम कुड़ाना के प्राथमिक विद्यालय कुड़ाना न0-3 से गोहरपुर जाने वाला खड़न्जा मार्ग क्षतिग्रस्त है, जिससे आवगमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्या सरकार उक्त मार्ग पर खड़न्जा के स्थान पर डामरीकरण कर डामर रोड का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-9

------

श्री समरपाल सिंह
24-03-2026

200-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के मोहल्ला रेलपार के कुड़ाना रोड पर सूरजमल विहार के निकट अनुज कुमार पुत्र जय प्रकाश के मकान के बाहर बिल्कुल गेट के सामने टर्मिनेट हो रही 11000 वोल्ट की लाइन व 63 के0वी0ए0 ट्रान्सफार्मर होने से सम्भावित दुर्घटना के दृष्टिगत ट्रान्सफार्मर

ऊर्जा-3

एवं विद्युत लाइन को स्थानान्तरित करने के विषयक प्रश्नकर्ता का पत्रांक ख-7, न0-610283 प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा मुद्रित।

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

जन भवन
लखनऊ - 226 027

नत्थी (ख)

दिनांक : जून 10, 2026

## सन्देश

चूँकि उत्तर प्रदेश मदरसा (अध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान) विधेयक, 2016 राज्य विधान मण्डल से पारित कराये जाने के उपरान्त उसे राष्ट्रपति महोदय के विचारार्थ आरक्षित कर भारत सरकार के गृह मंत्रालय को भेजा गया था,

और चूँकि उक्त विधेयक के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा कतिपय संवीक्षा करते हुए उसे वापस लिये जाने का सुझाव दिया गया है,

और चूँकि भारत सरकार के उक्त सुझाव के अनुसार उत्तर प्रदेश मदरसा (अध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान) विधेयक, 2016 को भारत सरकार से वापस लिये जाने का विनिश्चय मा0 मंत्रि परिषद द्वारा किया जा चुका है जिसके लिए यह आवश्यक है कि उक्त विधेयक, 2016 को भारत सरकार से वापस लिये जाने की वाँछनीयता पर राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों द्वारा यथोचित समय पर पुनर्विचार किया जाये,

अतएव मैं आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, 'भारत का संविधान' के अनुच्छेद 175 के खण्ड (2) सपठित अनुच्छेद 200 के अधीन उक्त विधेयक की मूल पार्चमेण्ट प्रतियॉ सदन को वापस करते हुए यह सन्देश देती हूँ कि उत्तर प्रदेश मदरसा (अध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों के वेतन का भुगतान) विधेयक, 2016 को वापस लिए जाने की वाँछनीयता पर राज्य विधान मण्डल के दोनों सदन यथोचित समय पर पुनर्विचार करें ।

( आनंदीबेन पटेल )

**श्री सतीश महाना**
मा0 अध्यक्ष
विधान सभा
उत्तर प्रदेश।

# नत्थी (ग)

## याचिकाओं का उपस्थापन

| | |
|---|---|
| 1. | श्री श्याम सुन्दर, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद रायबरेली के महराजगंज हैदरगढ़ मार्ग से गऊ घाट से मझिगवां रोड तक मार्ग का विशेष मरम्मत कराये जानें के संबंध में श्री आदर्श भारती निवासी जनपद रायबरेली की याचिका उपस्थित करेंगे उपस्थित करेंगे। |
| 2. | श्री योगेश शुक्ला, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र बक्शी का तालाब के ग्राम सिकन्दपुर खुर्द में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप डालने के लिए खोदी गई सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती मिथिलेश तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 3. | श्री ठा0 रवेन्द्र पाल सिंह, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद अलीगढ़ के विधान सभा क्षेत्र छर्रा में कस्बा गंगीरी एवं कस्बा विजयगढ़ में राजकीय डिग्री कॉलेज बनवाये जाने के सम्बन्ध में श्री सुनील आर्य व अन्य निवासीगण जनपद अलीगढ़ की याचिका उपस्थित करेंगे |
| 4. | श्री बृजेश कुमार रावत, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद उन्नाव की विधान सभा क्षेत्र मोहान के ब्लाक व तहसील हसनगंज में कतिपय सड़कों व एक पुंलिया का निर्माण कराये जानें के संबंध में श्री राजन शर्मा व अन्य निवासीगण जनपद उन्नाव की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 5. | श्री बम्बा लाल दिवाकर, मा0 सदस्य विधान सभा–<br>1. जनपद उन्नाव के विकास खण्ड सफीपुरा के अन्तर्गत कतिपय मार्गों का निर्माण कराये जाने के संबंध में श्री संदीप व अन्य निवासीगण जनपद उन्नाव की याचिका उपस्थित करेंगे।<br>2. जनपद उन्नाव के विकास खण्ड मियागांज के ग्राम औगरापुर में प्राथमिक स्कूल से लेकर बुद्धीलाल के दरवाजे तक की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री दीपक सिंह व अन्य निवासीगण जनपद उन्नाव की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 6. | श्री प्रभू नारायण सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान सभा–<br>1. जनपद चन्दौली विकास खण्ड सकलडीहा के अन्तर्गत रेवसा सोनकर बस्ती से धूसखास सम्पर्क मार्ग तक मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री संतोष यादव व अन्य निवासीगण जनपद चन्दौली की याचिका उपस्थित करेंगे।<br>2. श्री प्रभू नारायण सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद चन्दौली के विकास खण्ड सकलडीहा के अन्तर्गत दरियापुर रजबहा से घरचित सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री कैलाश यादव व अन्य निवासीगण जनपद चन्दौली की याचिका उपस्थित करेंगे। |

| | |
|---|---|
| 7. | श्री ब्रजभूषण राजपूत, मा0 सदस्य विधान सभा–<br>1. जनपद महोबा की तहसील कुलपहाड कस्बा कुलपहाड में राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री कुलदीप भटनागर व अन्य निवासीगण जनपद महोबा की याचिका उपस्थित करेंगे।<br>2. जनपद महोबा के विधान सभा क्षेत्र चरखारी में विकास खण्ड चरखारी के ग्राम चंदौली में पंचायत घर के पास पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शैलेन्द्र राजपूत व अन्य निवासीगण जनपद महोबा की याचिका उपस्थित करेंगे |
| 8. | श्री कविन्द्र चौधरी, मा0 सदस्य विधान सभा–<br>1. जनपद बस्ती के तहसील हर्रैया के वि0ख0 हर्रैया में फीडर केशवपुर के अन्तर्गत ग्राम रमया में 10 के0बी0ए के ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करके 63 केबीए का ट्रांसफार्मर लगवाए जाने के संबंध में श्री मो0 हसन व अन्य निवासीगण जनपद बस्ती की याचिका उपस्थित करेंगे।<br>2. जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र कप्तानगंज के अन्तर्गत तहसील व ब्लाक हर्रैया फीडर चौबाहेपुर के अन्तर्गत के ग्राम बढनी में 63 के0वी0ए0 की क्षमता वृद्धि कर 100 के0वी0ए0 का ट्रान्सफार्मर लगवाये जाने के संबंध में श्री राकेश व अन्य निवासीगण जनपद बस्ती की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 9. | श्री महबूब अली, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद अमरोहा के विधान सभा क्षेत्र सदर अमरोहा में वेस्ट कॉटन कारोबारी एवं ढोलक कारोबारी को सब्सिडी दिये जाने के सम्बन्ध में श्री जाकिर व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 10. | श्री महेश त्रिवेदी, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद कानपुर नगर के विधान सभा क्षेत्र किदवई नगर के अन्तर्गत जोन–3 वार्ड नं0 65 केसरी मंगलप से कात्यानी देवी मन्दिर चौराहा होते हुए मनकामेश्वर मन्दिर मोड़ तक माग्र का चौडीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुनील कुमार व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 11. | श्री महेश त्रिवेदी, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद कानपुर के विधान सभा क्षेत्र किदवई नगर के अन्तर्गत जोन 5 वार्ड नं0 16 में परम पुरवा स्वीाल मार्केट से होते हुए टायर मार्केट तक 800 मीटर सीवर लाईन बिछवाये जाने के संबंध में श्री रामवीर सिंह व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर की याचिका उपस्थित करेंगे |
| 12. | श्री महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद अमरोहा विकास खण्ड गंगेसरी अन्तर्गत ग्राम दड़ियाल चौराहे से भूबरा–सुबरा बहादुरपुर खड़गरानी सोधन होते हुए कोकापुरा तिगरिया ढवारसी तक मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मुकेश तिगरिया व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 13. | श्री महेन्द्र नाथ यादव, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद बस्ती के विकास खण्ड बस्ती सदर के ग्राम पंचायत में श्री नेरहू के घर से श्री राम पलटनप चौधरी के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रामदेव वर्मा, मा0 सदस्य विधान सभा |

| | |
|---|---|
| 14. | श्री मो0 हसन रूमी, मा0 सदस्य विधान सभा–<br>1. जनपद कानपुर कि छावनी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जोन 3 वार्ड सं036 में जोनल पंपिग स्टेशन (ZPS) और टयूबवेल को जलकल विभाग से हैण्डओवर कराये जाने के संबंध में श्रीमती तंजीम अंसारी व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।<br>2. जनपद कानपुर कि छावनी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जोन 3 वार्ड सं036 में सीवर लाईनों की नियमित सफाई,नियमित शिकायतों का समयबद्ध स्तिारण तथा क्षेत्र की सीवर व जलनिकासी कि समस्या का स्थायी समाधान कराये जाने के संबंध में श्री मो0 दानिश व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 15. | श्री मौ0 ताहिर खान, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद सुल्तानपुर के विधान सभा क्षेत्र इसौली के बल्दीराय ब्लॉक पारा से बल्दीराय रोड से पारा चौराहे से मंगल बाजार होते हुए जी प्रकाश विश्रवकर्मा के मकान होतु हुए डॉक्टर अशफाक व कतिपय रोडो को निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अकबर रजा व अन्य निवासीगण जनपद सुल्तानपुर की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 16. | श्री मोहित सोनकर 'राहुल बच्चा', मा0 सदस्य विधान सभा जनपद कानपुर नगर के विधान सभा क्षेत्र बिल्हौर में इलेक्ट्रिानिक बसों के संचालन एवं ई–चार्जिंग स्टेशन की सीापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नवले मिश्रा व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर नगर की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 17. | श्री मोहम्मद फहीम इरफान, मा0 सदस्य विधान सभा–<br>1. उत्तर प्रदेश के ब्लाक बिलारी के ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सेवकों का मानदेय बढ़ाकर न्यूनतम ₹24,000 प्रतिमाह किए जाने, नियमितीकरण एवं सेवा सुरक्षा प्रदान किए जाने के संबंध में मुकर्रर हुसैन व अन्य निवासीगण उत्तर प्रदेश की याचिका उपस्थित करेंगे।<br>2. गतिशील भूजल संसाधन आकलन–2025 के अनुरूप केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (सी0जी0डब्लू0एल0) के ऑनलाइन पोर्टल को तत्काल अद्यतन कराने तथा संशोधित श्रेणी के अनुसार एनओसी जारी करने की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में चिराग अग्रवाल व अन्य निवासीगण जिला मुरादाबाद की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 18. | श्री मनीष रावत, मा0 सदस्य विधान सभा–<br>1. जनपद सीतापुर में महाराज छीता पासी के किले का जीर्णोद्धार कराये जाने के संबंध में श्री प्यारे लाल रावत व अन्य निवासीगण जनपद सीतापुर की याचिका उपस्थित करेंगे।<br>2. जनपद सीतापुर के विधान सभा क्षेत्र सिधौली के ग्राम कठवामें प्राचीन ललितेश्वर महादेव मन्दिर का जीर्णोद्धार कराये जानें के संबंध में श्री हर्षित शुक्ला व अन्य निवासीगण जपद सीतापुर की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 19. | श्री मनोज कुमार पारस, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नगीना के हरवेली से नगीना अकबराबाद होते हुए किरतपुर का शेष पार्ट गढ़ीवान से नगीना तक सडक का निर्माण कराये जानें के संबंध में श्री चौ0 चन्द्रवीर सिंह व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका उपस्थित करेंगे। |

| | |
|---|---|
| 20. | श्री मनोज कुमार प्रजापति, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद हमीरपुर में प्रस्तावित नये विकास खण्ड सिसोलर का सृजन कराये जाने के संबंध में श्री कमलेश प्रजापति व अन्य निवासीगण जनपद हमीरपुर की याचिका उपस्थित करेंगे |
| 21. | श्री मूलचन्द्र सिंह निरंजन, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद जालौन के विधानसभा क्षेत्र माधौगढ़ के अंतर्गत पचनदा धाम मन्दिर की सुरक्षा हेतु यमुना किनारे सुरक्षा दीवाल का निर्माण कराये जाने के संबंध में श्री हरेन्द्र प्रताप सिंह व अन्य निवासीगण जनपद जालौन की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 22. | श्री किरत सिंह, मा0 सदस्य विधान सभा–<br>1. जनपद सहारनपुर के विकास खण्ड गंगोह के डी0एन0एम0 रोड माता शाकुम्भरी मन्दिर से बहलौलपुर ठोला, फतेहचन्दपुर, टरडक, खनपुर होते हुए तीतरो थाने तक मार्ग का चौडीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नितिन चौधरी व अन्य निवासीगण जनपद सहारनपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।<br>2. जनपद सहारनपुर के मेहगी से बाल्लू मौहम्मदपुर गुर्जर रादौर धानवा मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री वीरसेन व अन्य निवासीगण जनपद सहारनपुर की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 23. | श्री दिनेश रावत, मा0 सदस्य विधान सभा–<br>1. जनपद बाराबंकी विधान सभा क्षेत्र हैदरगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पूरब बेलाव में प्रस्तावित मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालय के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के सम्बन्ध में श्री मुकेश कुमार व अन्य निवासीगण जनपद बाराबंकी की याचिका उपस्थित करेंगे।<br>2. जनपद बाराबंकी के विकास खण्ड हैदरगढ के ग्राम कौड़िया में रामपाल के घर से डेवहा नहर तक लगभग 700 मीटर डामर रोड का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राहुल सिंह व अन्य निवसीगण जनपद बाराबंकी की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 24. | श्री विशम्भर सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद बांदा के अन्तर्गत विकास खण्ड बबेरू में भीषण जाम की समस्या से निजात हेतु बबेरू के चारो तरफ बाईपास निर्माण कार्य कराये जाने के संबंध में श्री अखिलेश पाल व अन्य निवासीगण जनपद बांदा की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 25. | श्री विवेक कुमार वर्मा, मा0 सदस्य विधान सभा–<br>1. जनपद पीलीभीत के बीसलपुर अंतर्गत ग्राम करेली में फायर ब्रिगेड स्टेशन की स्थापना कराये जाने के संबंध में श्री सचिन शर्मा व अन्य निवासीगण जनपद पीलीभीत की याचिका उपस्थित करेंगे।<br>2. जनपद पीलीभीत के बीसलपुर अंतर्गत ऐतिहासिक मेला श्री रामलीला मैदान का विकास, जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कराये जाने के संबंध में श्री सचिन शर्मा व अन्य निवासीगण जनपद पीलीभीत की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 26. | श्री विनोद चतुर्वेदी, मा0 सदस्य विधान सभा–<br>1. जनपद जालौन के विधान सभा कालपी के अन्तर्गत विकासखण्ड जालौन के ग्राम हरदोई राजा में राजेन्द्र प्रसाद सौनकिया पुत्र श्री श्याम लाल सौनकिया की जगह पर नलकूप लगवाये जाने के सम्बन्ध में श्री राजेन्द्र प्रसाद व अन्य निवासीगण जनपद जालौन की याचिका उपस्थित करेंगे।<br>2. जनपद जालौन के अन्तर्गत कालपी मांगरोल संपर्क मार्ग (दवकली गॉव तक) सी0सी0 सड़क निर्माण एवं गुढ़ा खास देवकली संपर्क मार्ग से कीरतपुर तक |

| | |
|---|---|
| | डामरीकरण कार्य कराए जाने के संबंध में श्री बाल सिंह निषाद व अन्य निवासीगण जनपद जालौन की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 27. | श्री निर्मल वर्मा, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र बक्शी का तालाब के अन्तर्गत एन0एच0–30 से पावर हाउस/ब्राइट लैण्ड स्कूल होतु हुए सरकपुर सरईया तक पूर्व में निर्मित जीर्णशीर्ण मार्ग का मरम्मत कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री ग्रिजेश श्रीवास्तव व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 28. | श्री हरिप्रकाश वर्मा, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद शाहजहाँपुर की तहसील जलालाबाद में खेल स्टेडियम का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम किशोर व अन्य निवासीगण जनपद शाहजहाँपुर की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 29. | श्री हरिओम वर्मा, मा0 सदस्य विधान सभा–<br>1. जनपद कासगंज, तहसील सहावर, ग्राम पंचायत जाटूऊ अशोकपुर के अंतर्गत ग्राम मुनीर में नाला निर्माण कराए जाने के सम्बन्ध में श्री गौतम राज व अन्य निवासीगण जनपद कासगंज की याचिका उपस्थित करेंगे।<br>2. जनपद कासगंज, के नगर अमांणपुर में एटा अमांणपुर सहावर मार्ग पर तिराहे से अल्लीपुर बम्बा तक नाला निर्माण कराए जाने के सम्बन्ध में श्री पुष्पेन्द्र कुमार व अन्य निवासीगण जनपद कासगंज की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 30. | श्री हरेन्द्र सिंह तेवतिया, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद हापुड के विधानसभा क्षेत्र गढ़मुक्तेश्वर के ग्राम– उपैडा मे गौशाला से नये हाई–वे तक मार्ग लगभग 1.5 किमी0 सडक निर्माण के सम्बन्ध मे श्री अमरपाल सिंह व अन्य निवासीगण जनपद हापुड की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 31. | श्री पंकज पटेल, मा0 सदस्य विधान सभा–<br>1. जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मुंगराबादशाहपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा विश्वपालपुर में हरिजन बस्ती से ग्राम ठेहुनिया यादव बस्ती तक मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के संबंध में श्री अनिल यादव व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित करेंगे।<br>2. जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मुंगराबादशाहपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा मझगवां चन्दौकी में श्याम बिहारी पटेल के घर से बलराम पटेल के घर तक मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के संबंध में श्री बलराम पटेल व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित करेंगे। |
| 32. | श्री पीयूष रंजन निषाद, मा0 सदस्य विधान सभा जनपद प्रयागराज के विधानसभा क्षेत्र करछना के अन्तर्गत ग्राम सभा रामपुर कोहड़ार घाट मार्ग से बदरहा एवं पुरैनी (गढ़वा) तक लगभग 05 किमी सड़क का निर्माण कराये जानें के संबंध में श्री आशीष पाण्डेय निवासी जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित करेंगे। |

| | |
|---|---|
